दैनिक हिन्दी अख़बार

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

# सच बेधड़क

वर्ष: 3 | अंक: 172 जयपुर, शनिवार, 01 जून, 2024 । ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष- नवमी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00


## जरूरी खबर

### 6000 ग्रेड थर्ड टीचर की नियुक्ति का रास्ता खुला



**जयपुर।** राजस्थान में ग्रेड थर्ड-2022 लेवल-1 के पदों पर नियुक्तियों का रास्ता अब साफ हो गया है। राजस्थान हाईकोर्ट ने मामले से जुड़ी सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है। अब करीब 6 हजार पदों पर नियुक्तियां हो पाएंगी। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश प्रियंका शर्मा सहित 141 अन्य याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि कोर्ट के आदेश से गठित विशेषज्ञ कमेटी ने भी प्रश्नों के पूर्व के जवाबों को सही माना है। अदालत ने गत 30 नवंबर को यथा स्थिति के आदेश दिए थे। याचिकाएं खारिज होने से अब शेष नियुक्तियों का रास्ता साफ हो गया है। याचिकाओं में अदालत को बताया गया कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने तृतीय श्रेणी शिक्षक के 21 हजार पदों के लिए भर्ती निकाली, जिसकी लिखित परीक्षा के बाद बोर्ड ने प्रारंभिक उत्तर कुंजी जारी कर आपत्तियां मांगी। इस उत्तर कुंजी में याचिकाकर्ताओं के जवाब सही थे।

### एसआई पेपर लीक का एक और आरोपी अरेस्ट



**जोधपुर।** जोधपुर रेंज पुलिस की स्पेशल टीम ने पेपर लीक के एक और आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की है। रेंज आईजी विकास कुमार ने बताया कि सब इंस्पेक्टर भर्ती 2021 का मास्टर माइंड चूरू जिले के छापर के रामपुर निवासी पौरव कालेर पुत्र ओमप्रकाश जाट लंबे समय से फरार चल रहा था। इसे प्रदेश पुलिस की कई एजेंसियां ढूंढ रही थीं। सीकर में पौरव के होने की पुख्ता सूचना मिलने पर वहां टीम ने पहुंच कर उसे पकड़ा। उसके उसे बाद जोधपुर लेकर आए। यहां पूछताछ में उसने कई तथ्य उजागर किए हैं। शुक्रवार को उसे एसओजी की जयपुर टीम को सौंप दिया गया है।


**लोकसभा चुनाव 2024 के अंतिम चरण की वोटिंग आज:** 57 सीटों के लिए कुल 904 उम्मीदवार चुनावी मैदान में

# PM मोदी समेत कई दिग्गजों की किस्मत EVM में होगी कैद

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 के अंतिम चरण का मतदान शनिवार को होगा। इस चरण में यूपी, बिहार, पश्चिम बंगाल, पंजाब, चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश समेत 8 राज्यों की 57 सीटों पर वोटिंग होगी। इसके साथ ही ओडिशा की 6 सीटों और पश्चिम बंगाल की 9 सीटों के लिए भी मतदान किया जाएगा। अंतिम चरण की 57 सीटों के लिए कुल 904 उम्मीदवार मैदान में हैं।

इस चरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री आरके सिंह और अनुराग ठाकुर और अभिनेता कंगना रनौत, रवि किशन, पवन सिंह और काजल निषाद समेत कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। इस चरण में 10.06 करोड़ से अधिक वोटर 904 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे। इसमें लगभग 5.24 करोड़ पुरुष, 4.82 करोड़ महिला और 3574 थर्ड जेंडर वोटर शामिल हैं। इसके साथ ही बीते ढाई महीने से चल रही चुनाव की प्रक्रिया अपने आखिरी पड़ाव पर पहुंच जाएगी और सभी को 4 जून का इंतजार रहेगा।




**वोटिंग समाप्ति के आधा घंटे बाद एग्जिट पोल:** चुनाव आयोग ने शुक्रवार को कहा है कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदान समाप्त होने के कम से कम आधे घंटे बाद तक कोई भी एग्जिट पोल प्रकाशित न किया जाए। यानी कि वोटिंग खत्म होने के आधे घंटे तक एग्जिट पोल नहीं दिखाया जाएगा।

**गर्मी का कहर...**

### यूपी-बिहार में एक ही दिन में 31 मतदानकर्मियों की मौत

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण से ठीक पहले गर्मी ने मतदानकर्मियों पर कहर ढाया है। यूपी-बिहार के आधा दर्जन जिलों में शनिवार को होने वाली वोटिंग कराने पहुंचे 31 मतदानकर्मियों को गर्मी ने मौत की नींद सुला दिया है। कई मतदानकर्मी बीमार हैं। यूपी के मिर्जापुर में ही 13 मतदानकर्मियों की मौत हुई है। इसमें सात होमगार्ड हैं। एक ही दिन इतनी बड़ी संख्या में मतदानकर्मियों की मौत से हड़कंप मचा हुआ है। इसके अलावा वाराणसी औऱ सोनभद्र में 3-3, मऊ और चंदौली में एक-एक कर्मचारी की मौत हो गई है। बिहार में 10 मतदानकर्मियों की मौत हुई है। यहां अधिकतर मौतें भोजपुर में हुईं। जहां चुनाव ड्यूटी पर तैनात पांच अधिकारियों की लू लगने से मौत हो गई। रोहतास में तीन चुनाव अधिकारियों की मौत हो गई, जबकि कैमूर और औरंगाबाद जिलों में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई।

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को दी सख्त हिदायत**

# बिजली-पानी के पुख्ता इंतजाम करें अफसर

**बेधड़क** | जयपुर

भीषण गर्मी में पानी-बिजली की किल्लत और हीटवेव से जनजीवन पर पड़ रहे प्रभाव को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को सभी अफसरों को सख्त हिदायत दी है। उच्चस्तरीय मीटिंग में सीएम ने कहा कि हर गांव-कस्बे से शहर तक पानी-बिजली की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित हो। आमजन को हीटवेव से बचाने के भी पुख्ता इंतजाम किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रभारी जिला सचिव अपने दौरे के दौरान औपचारिक समीक्षा बैठकों तक ही सीमित न रहें, बल्कि फील्ड में औचक निरीक्षण कर परिवादों व शिकायतों का वास्तविक समाधान सुनिश्चित कराएं। सीएम ने

प्रशासनिक कार्यों में लापरवाही करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए भी निर्देश दिए। सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में अफसरों की बैठक में सीएम ने कहा कि भीषण गर्मी के दौर में आमजन को बिजली और पानी की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है, जिस भी दर पर बिजली उपलब्ध हो रही है, एक्सचेंज से खरीद कर राज्य सरकार आमजन को उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि खराब ट्रांसफार्मर को रिपेयर या रिप्लेस कर ट्रिपिंग की समस्या का त्वरित समाधान किया जाए।



### जलापूर्ति की हो सघन मॉनिटरिंग

सीएम भजनलाल ने कहा कि प्रदेशवासियों को साफ पानी उपलब्ध कराने के लिए प्रभारी जिला सचिव जलापूर्ति से संबधित परियोजनाओं व कार्यों की सघन मॉनिटिरिंग करें। उन्होंने हर जिले में ट्यूबवेल की समीक्षा कर अफसरों को ट्यूबवेल सूखने के कारणों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके संज्ञान में ऐसे कई प्रकरण आए हैं जहां पानी नहीं है, लेकिन लाइन डाल दी गई है और टंकी भी बना दी गई है। ऐसे मामलों में लिप्त कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने अफसरों को बिजली व पानी के अवैध कनेक्शन काटने के निर्देश दिए ताकि उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना न करना पड़े।

### ऊर्जा संरक्षण के लिए चलाएं अभियान

भजनलाल शर्मा ने आमजन से बिजली और पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करने की अपील करते हुए कहा कि पानी और बिजली मूलभूत एवं सीमित संसाधन हैं. भीषण गर्मी के इस दौर में इनकी बचत ही इनके उत्पादन के समान है. उन्होंने अधिकारियों को ऊर्जा संरक्षण के लिए जन जागरुकता अभियान चलाने के निर्देश प्रदान किए।



### मेहंदीपुर बालाजी के किए दर्शन

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन किए और आरती में हिस्सा लिया। उनके साथ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल भी थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश में गर्मी से बचाव और किसानों के लिए अच्छी बारिश की कामना की। मंदिर ट्रस्ट के महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज ने सीएम भजनलाल शर्मा, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल की अगवानी की। इसके बाद तीनों ने बालाजी की आरती की। बालाजी महाराज को मेवा मिठाई का भोग लगाया गया।

### रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची बिजली की डिमांड

मुख्यमंत्री ने कहा कि गर्मी के मौसम में बिजली की मांग 3,777 लाख यूनिट के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंचने के बावजूद भी सरकार ने आमजन को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराई है। पिछली सरकार ने प्रदेश को ऐसी स्थिति डाल दिया कि हमें 147 लाख यूनिट बिजली दूसरे राज्यों को देनी पड़ी। उन्होंने कहा कि अब बिजली संबंधी जो भी परेशानी आ रही है, वह ज्यादातर स्थानीय खराबी और गड़बड़ी के कारण है।

### ॐ घृणि सूर्याय नमः



## ध्यान साधना और मौनव्रत

*नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कन्याकुमारी के विवेकानंद रॉक मेमोरियल में 'ध्यान साधना' में बैठे हैं। उन्होंने गुरुवार 30 मई शाम करीब 6 बजकर 45 मिनट पर ध्यान शुरू किया था, जो 1 जून की शाम तक चलेगा। पीएम मोदी उसी शिला पर बैठकर ध्यान कर रहे हैं, जहां स्वामी विवेकानंद ने ध्यान किया था।*

■ पेज 8 भी देखें

### देश सेवा और विश्व के कल्याण को समर्पित मोदी का तप: भजनलाल

**बेधड़क । जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कन्याकुमारी के विवेकानंद रॉक मेमोरियल में ध्यान-साधना कर रहे हैं, उनका यह तप देश की सेवा और विश्व के कल्याण को समर्पित है। इसके परिणामस्वरूप मोदी नई ऊर्जा और नव संकल्प के साथ प्रधानमंत्री के रूप में अपने तीसरे कार्यकाल में नवभारत निर्माण के संकल्प को पूरा करेंगे। शर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि 21वीं सदी भारत की होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प का सूर्योदय होगा और हमारा देश फिर से विश्व का सिरमौर बनेगा। उन्होंने कहा कि बीजेपी लोकसभा चुनाव में 4 जून को 400 पार के साथ ऐतिहासिक जीत हासिल करेगी। यह कीर्तिमान मोदी की आध्यात्मिक भक्ति और शक्ति से बनेगा, क्योंकि उनका संपूर्ण जीवन मां भारती की सेवा में समर्पित है।

**पश्चिमी विक्षोभ के असर से बदलेगा मौसम का मिजाज**

## नौतपा में अब आंधी बारिश का अलर्ट

**बेधड़क** | जयपुर

भीषण गर्मी व हीटवेव की तपन से जूझते प्रदेश को अब धीरे-धीरे राहत मिलने लगी है। हालांकि दिन में तेज धूप के असर के साथ पारे का उतार चढ़ाव अभी भी बना हुआ है। प्रदेश में अधिकतम तापमान अब भी 45 के पार बना हुआ है। राजधानी जयपुर में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री दर्ज किया गया। सर्वाधिक तापमान करौली में 47.6 दर्ज किया गया। श्रीगंगानगर में 47.3 डिग्री तापमान रहा। मौसम विभाग ने 1 और 2 जून को आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। 3-5 जून तक 40 डिग्री सेल्सियस तक दिन का तापमान रह सकता है। इस दौरान दिन में सतही स्तर पर हल्की गर्म हवा चलेगी। राजधानी जयपुर में भी 1 जून से आंधी और बारिश की संभावना है।

**अब दिखेगा वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर:** मौसम विभाग का कहना है कि शुक्रवार से प्रदेश में एक्टिव हुए नए वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के कारण आगामी 72 घंटों में अधिकांश जिलों में मेघगर्जन, तेज आंधी के साथ हल्की/मध्यम बारिश की संभावना बन रही है। इसके अलावा पूर्वी राजस्थान के भरतपुर, जयपुर संभाग के जिलों में दोपहर बाद बादल छाने के साथ कई जगह धूलभरी आंधी चल सकती है। कुछ जगहों पर गरज-चमक के साथ हल्की बारिश या बूंदाबांदी भी हो सकती है। इसके साथ ही पांच जिलों में शनिवार को भी हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है।

**पुलिस की सख्ती**

# अब क्लबों में रात 10 बजे बाद बजेगा डीजे तो आएगी खाकी एक्शन में

- क्लबों और रेस्टोरेंट में रात 12 बजे बाद 31 जुलाई तक नहीं होगी कोई भी गतिविधि
- पुलिस ने धारा 144 के तहत संचालकों को किया पाबंद
- आदेशों की अवहेलना करने वालों पर की जाएगी कार्रवाई

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी जयपुर में देर रात तक अवैध रूप से नियमों के खिलाफ चल रहे होटल, रेस्टोरेंट व क्लबों के कारण शहर की कानून व्यवस्था बिगड़ रही है। इसकी वजह है दूसरी एजेंसियों और जिम्मेदार विभागों के बीच में आपस में तालमेल नहीं है। तालमेल नहीं होने के कारण संचालक अवैध रूप से क्लबों का संचालन कर रहे हैं। ऐसे क्लबों पर नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कमिश्नरेट की पुलिस ने धारा 144 के तहत शुक्रवार को निषेधाज्ञा जारी सभी होटल, रेस्टोरेंट, गेस्ट हाउस, नाइट क्लब, बार, मॉल, डिस्कोथेक, पब, लॉजिग हाउस, ईटिंग हाउस व फार्म हाउस संचालकों को पाबंद किया है। आदेशों के अनुसार अब शहर के ये सभी संस्थान देर रात तक 31 जुलाई तक पार्टी नहीं कर सकेंगे। सभी क्लब व अन्य रात 10 बजे बाद तेज ध्वनी में डीजे नहीं बजा सकेंगे। इसके अलावा रात 12 बजे बाद किसी प्रकार की कोई गतिविधि नहीं करेंगे। अगर नियमों का किसी भी होटल, रेस्टोरेंट, गेस्ट हाउस, नाइट क्लब, बार, मॉल, डिस्कोथेक, पब, लॉजिग हाउस, ईटिंग हाउस व फार्म हाउस संचालकों ने किया तो उसके खिलाफ आईपीसी की धारा 188 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। इसमें कम से कम छह माह की सजा और एक हजार रुपए के जुर्माने का प्रावधान है।




### हो रही थी आपराधिक वारदातें

पुलिस ने माना कि क्लब में आने वाले युवाओं को संचालकों द्वारा अलग-अलग प्रकार का नशा दिया जाता है, जहां पर नशे की हालात में युवा क्लब के बाहर व अंदर अपराधिक वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। पिछले दिनों वैशाली नगर व अशोक नगर इलाके में देर रात तक चल रहे क्लब में तोड़फोड़ व जानलेवा हमले के मामले सामने आए हैं, जबकि पिछले साल लॉरेंस के गुर्गों ने शहर के चर्चित जी-क्लब के बाहर फायरिंग कर दी थी। क्योंकि इन क्लबों पर किसी का नियंत्रण नहीं था और तत्कालीन अधिकारियों की इसमें पूरी मिलीभगत थी। क्योंकि क्लब में पार्टी रात को 10 बजे शुरू होती थी और तड़के 4 बजे तक चलती थी। इस दौरान नशे में युवा वारदातें कर रहे थे। ऐसे में अब क्लबों का समय तय किया गया है।

## जरूरी खबर

### स्पीकर ने किया जेएलएन अस्पताल का दौरा



**अजमेर।** प्रदेश में भीषण गर्मी व हीट स्ट्रोक के बाद अब उमस का दौर शुरू हो गया है। अजमेर संभाग के सबसे बड़े जेएलएन अस्पताल में अन्य जिलों से भी मरीज रेफर होकर आते हैं। ऐसे में जेएलएन अस्पताल का निरीक्षण करते हुए विधानसभा अध्यक्ष और अजमेर उत्तर से विधायक वासुदेव देवनानी ने यह बात कही। देवनानी ने मरीजों से बातचीत कर चिकित्सा व्यवस्था की जानकारी ली। साथ ही अस्पताल में चिकित्सा व्यवस्था में सुधार लाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### लोकसभा चुनाव प्रवासी कार्यकर्ता बैठक आज

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में शनिवार को लोकसभा चुनाव प्रवासी कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की जाएगी। कार्यकर्ता बैठक भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेश संगठन सह प्रभारी विजया राहटकर की अध्यक्षता में शाम 4 बजे शुरू होगी। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं खंडार विधायक जितेंद्र गोठवाल ने बताया कि बैठक में लोकसभा प्रवासी कार्यकर्ता अपने लोकसभा चुनाव से जुड़े अनुभव साझा करेंगे और साथ ही आगामी कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

### गुरु वशिष्ठ अवार्डी राजनारायण शर्मा का किया सम्मान



**जयपुर।** जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र चौगान स्टेडियम के प्रशिक्षकों एवं खिलाड़ियों की ओर से राज नारायण शर्मा का सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह चौगान स्टेडियम में आयोजित किया गया। वूशु कोच राजेश टेलर ने राज नारायण शर्मा का साफा पहना कर एवं हैंडबॉल कोच प्रियदीप सिंह ने माला पहनाकर स्वागत किया। साथ में बाल बैडमिंटन कोच लक्ष्मीकांत शर्मा एवं ताइक्वांडो कोच साबिर खान द्वारा शॉल ओढ़ा कर स्वागत किया। कार्यक्रम में बॉक्सिंग कोच कृष्ण कुमार, खो-खो कोच महेश महावर, वूशु कोच देवराज सिंह, शूटिंग बॉल कोच अभिषेक शर्मा ने माला पहनाई। कार्यक्रम में राजस्थान तीरंदाजी संघ के सचिव सुरेंद्र सिंह गुर्जर राजस्थान बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव शौकत अली मंसूरी, जयपुर जिला कबड्डी संघ के सचिव नेमी गुर्जर, टेनिस बॉल क्रिकेट के मंजूर बैग आदि थे।

---

**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने किया** भाजपा की प्रचंड बहुमत से जीत का दावा

# बच्चा-बच्चा बोल रहा अबकी बार 400 पार- सीपी



**बेधड़क | जयपुर**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए लोकसभा चुनावों में भाजपा की प्रचंड बहुमत से जीत का दावा किया और राजस्थान में परम्परा रीपीट करने की बात करते हुए कहा कि विधानसभा चुनावों में राजस्थान की जनता ने भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर विश्वास किया। लोकसभा चुनावों में भी राजस्थान की जनता का भरपूर आशीर्वाद मिला है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि कांग्रेस के नेता झूठ बोलने में माहिर है,

**ERCP को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश की जनता को गुमराह किया, भाजपा सरकार ने योजना को अमली जामा पहनाया-सीपी जोशी**

भाजपा की सरकार आने के बाद संविधान बदलने और आरक्षण समाप्त करने सहित कई बातों से जनता को गुमराह करने का प्रयास किया। लेकिन देश और प्रदेश की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ है।

देश की सुदूर ढाणी में भी जाकर बोलोगे अबकी बार तो सामने से आवाज आऐगी 400 पार। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति विश्वास पर जनता ने अपनी मोहर लगाई है। चार जून को भाजपा की प्रचंड बहुमत से जीत होगी।

कांग्रेस ने बिजली और कोयला खरीद में किए घोटाले, भाजपा शासन में राजस्थान बिजली के क्षेत्र में बनेगा आत्मनिर्भर - सीपी जोशी कांग्रेस ने कभी प्रदेश की चिंता नहीं की भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि सत्ता का दोहन और जनता का शोषण कांग्रेस का एक मात्र उद्देश्य है। कांग्रेस ने कभी प्रदेश की चिंता नहीं की। जनता को सिर्फ वादे और नारे दिए। ईआरसीपी को लेकर प्रदेश की जनता को गुमराह किया। कोयला और बिजली खरीद में घोटाला किया। बिजली के क्षेत्र में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास नहीं किया। बिजली के क्षेत्र में भाजपा सुधार करती है जिसे कांग्रेस अपने राज में बदतर कर देती है।

### पानी-बिजली सहित अन्य क्षेत्रों में किए गए वादें पूरे होंगे

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने ईआरसीपी योजना को अमली जामा पहनाया। साथ ही यमुना जल समझौता भी हुआ जिसके बारे में किसी ने सोचा नहीं था। इसके अलावा जनहित और प्रदेश हित में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए जिनसे जनता को राहत मिल रही है। भाजपा सरकार पांच सालों में पानी-बिजली सहित अन्य क्षेत्रों में किए गए वादों को पूरा करेगी।

---

**जयपुर की दोनों सीटों के लिए 218 टेबल पर होंगे 312 राउंड**

# मतगणना के लिए तैयारियों को दिया गया अंतिम रूप

**बेधड़क | जयपुर**

लोकसभा चुनाव 2024 के तहत शांतिपूर्ण मतदान के बाद मंगलवार 4 जून को सुबह 8 बजे से जेएलएन मार्ग स्थित कॉमर्स कॉलेज में जयपुर ग्रामीण लोकसभा एवं राजस्थान कॉलेज में जयपुर लोकसभा सीट की मतगणना प्रक्रिया शुरू होगी। जयपुर जिले की दोनों ही लोकसभा सीटों के लिए मतगणना की तैयारियों को जिला प्रशासन की ओर से अंतिम रूप दे दिया गया है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि मतगणना की आवश्यक व्यवस्थाएं एवं इंतजाम कर लिए गए हैं। जयपुर जिले के जयपुर सीट एवं जयपुर ग्रामीण सीट के लिए 218 टेबल पर 312 राउंड में 4213 ईवीएम से और 97 टेबल पर डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस से मतगणना होगी। उन्होंने बताया कि कॉमर्स कॉलेज में जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीट के लिए 106 टेबल पर 161 राउंड में 2 हजार 128 ईवीएम और 50 टेबल पर डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस से मतगणना होगी। वहीं, राजस्थान कॉलेज में जयपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए 112 टेबल पर 151 राउंड में 2085 ईवीएम और 47 टेबल पर डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस से मतगणना होगी।



**यूं होगी जयपुर सीट के लिए गणना**

जयपुर लोकसभा सीट में शामिल बगरू विधानसभा क्षेत्र के लिए राजस्थान कॉलेज के प्रथम कॉन्फ्रेंस हॉल में 18 टेबल पर 20 राउंड में 351 ईवीएम से मतगणना होगी। किशनपोल विधानसभा क्षेत्र के लिए कमरा नंबर 34 में 12 टेबल पर 15 राउंड में 170 ईवीएम, सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के लिए द्वितीय कॉन्फ्रेंस हॉल में 18 टेबल पर 19 राउंड में 341 ईवीएम, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के लिए कमरा नंबर 40 में 12 टेबल पर 21 राउंड में 249 ईवीएम से मतगणना होगी। सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र के लिए कमरा नंबर 46 में 12 टेबल पर 19 राउंड में 221 ईवीएम, मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र के लिए राजस्थान कॉलेज के कमरा नंबर 48 में 12 टेबल पर 16 राउंड में 187 ईवीएम, हवामहल विधानसभा क्षेत्र के लिए राजस्थान कॉलेज के कमरा नंबर 53 में 12 टेबल पर 20 राउंड में 240 ईवीएम, विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के लिए कमरा नंबर 33 में 16 टेबल पर 21 राउंड में 326 ईवीएम से मतगणना होगी। राजस्थान कॉलेज में 47 टेबल पर जयपुर लोकसभा क्षेत्र के डाकमत पत्रों एवं इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट की गणना होगी।

### जयपुर ग्रामीण सीट के लिए यह व्यवस्था

जयपुर ग्रामीण सीट में शामिल झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के लिए कॉमर्स कॉलेज के प्रथम कॉन्फ्रेंस हॉल में 20 टेबल पर 22 राउंड में 435 ईवीएम से मतगणना होगी। फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के लिए सेमीनार हॉल में 12 टेबल पर 22 राउंड में 257 ईवीएम से मतगणना होगी। कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र के लिए कमरा नंबर 38 में 12 टेबल पर 19 राउंड में 226 ईवीएम से मतगणना होगी। आमेर विधानसभा क्षेत्र के लिए द्वितीय कॉन्फ्रेंस हॉल में 14 टेबल पर 20 राउंड में 280 ईवीएम से मतगणना होगी। इसी तरह विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के लिए कमरा नंबर 43 में 12 टेबल पर 19 राउंड में 226 ईवीएम से मतगणना होगी। जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए कमरा नंबर 49 में 12 टेबल पर 20 राउंड में 239 ईवीएम से, शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र के लिए कमरा नंबर 16 में 12 टेबल पर 18 राउंड में 216 ईवीएम, बानसूर विधानसभा क्षेत्र के लिए कमरा नंबर 5 में 12 टेबल पर 11 राउंड में 249 ईवीएम से मतगणना होगी। कॉमर्स कॉलेज में डाक एवं ई डाकपत्रों की गणना होगी।

### मतगणना स्थल बनाए नियंत्रण कक्ष

उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि मतगणना स्थलों की सुरक्षा के लिए त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मतगणना की संपूर्ण प्रक्रिया के लिए राजस्थान कॉलेज एवं कॉमर्स कॉलेज में पर्यवेक्षक कक्ष, जिला निर्वाचन अधिकारी कक्ष, नियंत्रण कक्ष/कंप्यूटर, सांख्यिकी प्रकोष्ठ, मीडिया प्रकोष्ठ, पुलिस गार्ड, डीएसओ प्रकोष्ठ, कार्मिक प्रकोष्ठ, मतगणना स्टोर, सीसीटीवी एवं कंट्रोल रूम, डाक मतपत्र प्रकोष्ठ, ईटीपीबीएस स्कैनिंग कक्ष सहित अन्य प्रकोष्ठों के लिए भी नियंत्रण कक्षों की स्थापना की गई है।

---

**सीनियर ऑफिसर्स मीटिंग**

# 'रूल बेस्ड टू रोल बेस्ड' सुशासन में भूमिका निभाएं: सीएस

**बेधड़क | जयपुर**

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने निर्देश दिए कि राज्य कर्मचारी गुड गवर्नेंस की महत्वपूर्ण कड़ी है इसलिए विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करें कि उनके पदोन्नति और अन्य सेवा संबंधी कामों को प्राथमिकता से निश्चित समय में पूरा करें। उन्होंने कहा कि समय पर पदोन्नति से कार्मिकों में काम के प्रति उत्साह की भावना बनी रहती है, जिससे वे सुशासन में अपनी महती भूमिका अदा करते है।

पंत शुक्रवार को शासन सचिवालय में आयोजित सीनियर ऑफिसर्स मीटिंग की अध्यक्षता कर रहें थे। इस दौरान उन्होंने ई-फाइल निस्तारण समय को सिंगल डिजिट में करने, विधानसभा से लंबित प्रश्नों के समय पर जवाब भेजने, भर्ती प्रक्रियाओं में तेजी लाने, की परफॉरमेंस इंडिकेटर(KPI) के समुचित पालना के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि मिशन कर्मयोगी के तहत सभी सचिव एवं अधिकारी अपना नामांकन आवश्यक रूप से कर 'रूल बेस्ड टू रोल बेस्ड' सुशासन में अपनी भूमिका निभाएं और अन्य कार्मिकों को भी इसमें नामांकन के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में लगभग 1038 प्रकार के कोर्स उपलब्ध हैं, जिन्हें अधिकारी बिना भौतिक उपस्थिति के अपनी सहूलियत अनुसार पूरा कर सकते हैं।



बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा शुभ्रा सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव वन अपर्णा अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव सार्वजनिक निर्माण संदीप वर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह आनंद कुमार एवं सम्बंधित विभागों के प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव, वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहें।

---

**हीट वेव से मौतों पर** आपदा राहत मंत्री डॉ. किरोड़ी का बयान

# सर्दी-गर्मी से मौत पर नियमों में बदलाव के लिए लिखेंगे केंद्र को

### मुआवजे को केंद्र से करेंगे मांग

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में हीट वेव से मौत के आंकड़ों और मुआवजे को लेकर सियासी आरोप-प्रत्यारोप और बयानबाजी के बीच अब भजनलाल सरकार के आपदा राहत मंत्री किरोड़ी लाल मीणा का बयान सामने आया है।

उनका कहना है कि तेज सर्दी और तेज गर्मी व हीट वेव प्राकृतिक आपदा है, लेकिन अभी जो नियम हैं उनमें हीट वेव या तेज सर्दी के कारण मौत पर मुआवजा देने का प्रावधान नहीं है। उन्होंने यह भी कहा है कि इस संबंध में वे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मिलेंगे और केंद्र सरकार से पत्राचार की मांग करेंगे, ताकि आपदा राहत के नियमों में संशोधन किया जा सके और हीट वेव से मौत के मामलों में मुआवजा दिया जा सके। सचिवालय में पत्रकारों से मुखातिब होते हुए उन्होंने यह बात कही है। हालांकि, राजस्थान हाईकोर्ट में स्व-प्रसंज्ञान लेकर सरकार को हीट वेव से होने वाली मौतों पर मुआवजा देने के निर्देश दिए हैं।



इधर, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने आरोप लगाया है कि हीट वेव से मौत पर मुआवजा देने के हाईकोर्ट के निर्देश के बाद राज्य सरकार मौत के आंकड़े छिपाने में लगी है।

---

**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के** तत्वावधान में हुआ आयोजन

# आमजन को बताए तंबाकू के दुष्प्रभाव

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों की अनुपालना में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर तंबाकू का सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई गई।

जयपुर के एडीआर सभागार में आयोजित हमारा संविधान हमारा सम्मान पंच प्राण ई-शपथ समारोह के दौरान जयपुर विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर द्वितीय सचिव पल्लवी शर्मा ने न्यायिक अधिकारियों, न्यायिक कर्मचारियों एवं पैरालिगल वॉलंटियर्स को तंबाकू का सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई। साथ ही आमजन को तंबाकू के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए तंबाकू का सेवन नहीं करने के लिए प्रेरित करने का आह्वान भी किया।




पल्लवी शर्मा ने इस मौके पर समारोह के प्रतिभागियों को राजस्थान विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी।

### सप्त शक्ति कमान में हुआ कार्यक्रम

सप्त शक्ति कमान द्वारा तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम सप्त शक्ति कमांड ने 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया, जिसमें हमारे युवाओं को तंबाकू के दुष्प्रभावों से बचाने और उन्हें तंबाकू उद्योग के जाल से बचाने के महत्व को बताया गया। डॉ. वीरेन्द्र सिंह, एक प्रतिष्ठित विशेषज्ञ, जिन्हें भारत में तंबाकू विरोधी अभियान में उनके महत्वपूर्ण योगदानों के लिए माना जाता है, ने धूम्रपान और तंबाकू उपभोक्ता के संबंधित खतरों के बारे में जागरूक कराने के आवश्यक रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की।

---

**हीट वेव से होने वाली मौतों को लेकर भाजपा-कांग्रेस आमने-सामने**

# कांग्रेस को डुबोने में गहलोत व डोटासरा की भूमिका: जितेंद्र गोठवाल

**बेधड़क | जयपुर**

भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं विधायक जितेंद्र गोठवाल ने प्रदेश में हीट वेव से होने वाली मौतों को लेकर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि डोटासरा बिना तथ्यों के किसी भी विषय पर कुछ भी बोल देते हैं, उनका ये बड़बोलापन और पूर्व सीएम गहलोत का झूठ ही उन्हे ले बैठा। एसएमएस अस्पताल प्रदेश का सबसे बड़ा अस्पताल है, जहां हीटवेव और अन्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों का समय पर बेहतर उपचार हो रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 47 डिग्री तापमान में खुद सड़कों पर उतरकर बिजली, पानी और स्वास्थ्य जैसी आवश्यक चीजों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। वहीं भाजपा के विधायक और कार्यकर्ता प्रत्येक विधानसभा और जिला स्तर पर जनता की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करा रहे हैं। सचिवालय में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में हीटवेव और गर्मी के चलते आने वाली बिजली, पानी जैसी समस्याओं पर समीक्षा बैठक भी हुई है।



### कांग्रेस सरकार की बिजली-पानी की स्थिति छुपती नहीं

भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा और पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत के दिमाग में गर्मी चढ़ गई है। जिसके चलते वे लगातार बहकी-बहकी बातें कर रहे हैं। गहलोत की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में बिजली पानी और स्वास्थ्य की बदतर स्थिति प्रदेश की जनता से छिपी हुई नहीं है। पिछली कांग्रेस सरकार में बिजली की मांग को लेकर उनकी खुद की सरकार के मंत्री कलेक्ट्रेट के सामने धरने पर बैठ गए थे। बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के समय विद्यार्थियों को बिजली के अभाव में अंधेरे में रहना पड़ा था, और किसानों ने खरीफ और रबि की फसल के लिए धरना प्रदर्शन किये थे।

### भाजपा ने जनता के बीच जाकर समस्याएं सुनी

भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि डोटासरा और पूर्व सीएम गहलोत झूठे और बड़बोले बयान देने की बजाय अपनी पार्टी के नेताओं को सुझाव देते कि भाजपा नेताओं की तरह जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनें और जनता की सेवा करें। आज प्रदेश की भजनलाल शर्मा की सरकार जनता के द्वार पर जाकर उनकी हर समस्या के समाधान के लिए काम कर रही है। वहीं दूसरी ओर डोटासरा और गहलोत केवल ट्वीट कर रहे हैं, और वीडियो बनाकर जनता की भावनाओं को आहत कर रहे हैं।

### हीट वेव से मौत के आंकड़े छिपा रही सरकार: डोटासरा



जयपुर। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर हीट वेव से मौत के आंकड़े छिपाने का आरोप लगाया है। डोटासरा ने एक पोस्ट में लिखा, 'भीषण गर्मी और हीट वेव के प्रबंधन में पूरी तरह विफल रही भाजपा सरकार अब हाईकोर्ट के आदेश के बाद मृतकों को मुआवजा देने से बचने के लिए मौत के आंकड़े छिपाने का पाप कर रही है। SMS अस्पताल से चौंकाने वाली सूचना है। जहां हीट वेव से मौत के बाद करीब 40 अज्ञात लोगों के शव मोर्चरी में हैं। हर दिन करीब 20-25 अज्ञात लोगों के शव मोर्चरी में आ रहे हैं। लेकिन सरकार मुआवजा नहीं दे रही है।

## जरूरी खबर

### एन्फोर्समेंट सैंपल लेने में हमारा देश में पहला नंबर



**जयपुर।** राजस्थान ने खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए एन्फोर्समेंट सैंपल लेने में देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के मुकाबले राजस्थान ने करीब 3 गुना सैंपल एकत्र कर यह उपलब्धि हासिल की है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की ओर से वर्ष 2023-24 के लिए जारी आंकड़ों में राजस्थान ने निर्धारित लक्ष्य से अधिक सैंपल लेते हुए 284 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है। खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान ने बताया कि बताया कि प्रदेश में जल्द ही 200 और खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण होने से मिलावट के खिलाफ अभियान को गति मिलेगी एवं आमजन को शुद्ध पदार्थों की आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

### एकादशी पर श्याम प्रभु करेंगे जल विहार

**जयपुर।** कांवटियों का खुर्रा रामगंज बाजार स्थित श्रीश्याम प्राचीन मंदिर में महंत पं. लोकेश मिश्रा के सान्निध्य में रविवार को मासिक एकादशी अरदास कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। संध्या आरती के बाद अखंड ज्योति प्रज्वलित कर गणेश वंदना के साथ कीर्तन का शुभारंभ होगा। इस मौके पर जल विहार उत्सव मनाया जाएगा। लड्डू गोपाल जल पात्र में विहार करेंगे। श्याम बाबा को ग्रीष्म ऋतु व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा। श्री श्याम गोपाल मंडल समिति लाल कोठी के श्याम भक्त बाबा को भजनों से रिझाएंगे।

**फायर मॉकड्रिल: कमिश्नर बोले- हर घर और दुकान पर लगवाएं फायर फाइटिंग सिस्टम**

# आग लगने पर खुद को बचाते हुए दूसरों की मदद का दिया 'मंत्र'

**बेधड़क | जयपुर**

नगर निगम हेरिटेज की ओर से शुक्रवार को घाटगेट जोन में फायर फाइटिंग सिस्टम की मॉकड्रिल ट्रेनिंग आयोजित की।

इसमें शहर के व्यापारियों के साथ आम जनता को आग लगने पर खुद को बचाने और उसे बुझाने के उपाय सिखाए गए। नगर निगम कमिश्नर अभिषेक सुराणा ने कहा कि गर्मियों के दिनों में हीटवेव से आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में आग लगने से ज्यादा नुकसान नहीं हो, इसके लिए सबसे बढ़िया उपाय है, हर घर और दुकान में अग्निशामक यंत्र होना चाहिए। इससे हम प्राथमिक रूप से ही आग को रोक सकें। इसको लेकर आज मॉकड्रिल ट्रेनिंग सेशन रखा गया था। इसमें नगर निगम के फायर फाइटर्स ने अग्निशमन यंत्रों की जानकारी के साथ ही उनका इस्तेमाल किस तरह किया जाता है। यह जानकारी लाइव मॉकड्रिल के माध्यम से निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ ही व्यापारियों और आम जनता को समझाई।





### लाइव डेमोंस्ट्रेशन से समझाया

नगर निगम के मुख्य अग्निशमन अधिकारी देवेंद्र मीणा ने बताया कि आज मॉकड्रिल के दौरान एक मकान में आग लगने की स्थिति में कैसे आम जनता को सुरक्षित बाहर निकल जाए, इसका लाइव डेमोंस्ट्रेशन किया गया था। इस दौरान नगर निगम की फायर ब्रिगेड निर्धारित वक्त पर मौके पर पहुंची। इसके बाद सीढ़ियों की मदद से पहली मंजिल पर चढ़कर निगम के फायर फाइटर ने आग पर काबू पाने के साथ ही अपने कंधे पर बिठाकर दो लोगों की जान बचाई। इसके साथ ही आम लोगों को भी बताया कि इस तरह की आपात स्थिति में किस तरह खुद को बचाकर किसी और की मदद की जा सकती है।

### फायर एक्ट लागू करने की मांग

मॉकड्रिल के दौरान घाटगेट फायर स्टेशन पर पहुंचे शहर के व्यापारियों ने नगर निगम कमिश्नर से मिलकर फायर एक्ट लागू करने की मांग रखी। व्यापारियों ने कहा कि छोटे व्यापारियों के पास भी फायर फाइटिंग सिस्टम उपलब्ध होना जरूरी है। इसको लेकर ठोस नियम बनने चाहिए, ताकि भविष्य में होने वाली किसी भी अनहोनी से बचा जा सके।

**ACS शुभ्रा सिंह ने दी हीटवेव प्रबंधन के लिए 74 लाख की वित्तीय स्वीकृति**

# SMS में लगाए जाएंगे 101 AC 50 कूलर और 20 वाटर कूलर

### आरएमआरएस में उपलब्ध राशि से की जाएगी खरीद

**बेधड़क | जयपुर**

हीटवेव प्रबंधन एवं रोगियों को अस्पताल में सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल में करीब 74 लाख रुपए की लागत से एसी, कूलर एवं शीतल पेयजल के लिए वाटर कूलर लगाए जाएंगे। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने इन संसाधनों को आरएमआरएस में उपलब्ध राशि से खरीद के लिए स्वीकृति प्रदान की है।

शुभ्रा सिंह ने बताया कि प्रदेश में हीटवेव की प्रबलता के चलते चिकित्सा संस्थानों में समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने विगत दिनों तात्कालिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु आरएमआरएस में उपलब्ध राशि का युक्तिसंगत उपयोग करने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में सवाई मानसिंह अस्पताल में आवश्यक संसाधनों की खरीद के लिए 74 लाख 13 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।




### छाया-पानी की व्यवस्था

अस्पताल के नोडल अधिकारी, उप निदेशक प्रशासन राजमेस श्री खेमाराम यादव ने बताया कि चिकित्सालय के सभी रजिस्ट्रेशन काउंटरों, वार्डों, प्रतीक्षालय एवं अन्य स्थानों पर पंखों एवं कूलरों की संख्या बढ़ाई गई है तथा बैठने एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई है। रजिस्ट्रेशन काउंटर के बाहर एवं अन्य स्थानों पर छाया हेतु ग्रीन नेट लगवाई गई है। खराब एसी सही होने तक वैकल्पिक इंतजाम के रूप में बडे कूलर लगाए गए हैं। सभी वार्डों में कूलरों की संख्या बढ़ाई गई है तथा एग्जास्ट फैन भी लगाए गए हैं। शौचालयों एवं परिसर में साफ-सफाई की स्थिति को बेहतर किया गया है।

### रोगियों और परिजनों को मिलेगी गर्मी से राहत

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया कि इस राशि से अस्पताल के विभिन्न वार्डों, आईसीयू, ओपीडी, दवा वितरण केन्द्रों, जांच केन्द्रों, रजिस्ट्रेशन काउंटर सहित अन्य स्थानों पर 101 एयर कंडीशन, 50 डेजर्ट कूलर एवं 20 वाटर कूलर लगाए जाएंगे। इससे अस्पताल में आने वाले रोगियों एवं परिजनों को गर्मी से राहत मिल सकेगी।

### जयपुरिया अस्पताल में और सुदृढ़ हुई व्यवस्थाएं

भीषण गर्मी एवं लू-तापघात की स्थिति को देखते हुए राजकीय जयपुरिया चिकित्सालय में भी व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ किया गया है। अस्पताल में कूलर, पंखों एवं एसी आदि की संख्या में बढ़ोतरी के साथ ही, अन्य सुविधाओं में भी इजाफा किया गया है। उल्लेखनीय है कि अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वारा 27 मई को किए गए निरीक्षण में व्यवस्थाओं को और बेहतर करने के निर्देश दिए गए थे। निर्देशों की पालना में अधीक्षक डॉ. महेश मंगल ने अस्पताल में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए हैं।

### निरीक्षण के दौरान दिए थे निर्देश

उल्लेखनीय है कि अतिरिक्त मुख्य सचिव ने 23 मई को एसएमएस अस्पताल में आकस्मिक निरीक्षण किया था। उन्होंने अधिकारियों को कंटीजेंसी प्लान बनाकर हीटवेव से संबंधित व्यवस्थाओं को पुख्ता करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी ने अस्पताल में हीटवेव से बचाव और इसके उपचार संबंधी सभी प्रकार की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में आवश्यक कदम उठाए हैं।

**हाईकोर्ट ने किया बोराज ठिकाने के...**

# 52 साल पुराने संपत्ति विभाजन मामले का निपटारा

**बेधड़क | जयपुर**

उच्च न्यायालय ने बोराज ठिकाने के 52 साल पुराने पारिवारिक संपत्ति विभाजन मामले का निपटारा कर दिया है। राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अशोक कुमार जैन ने मामले का निस्तारण किया। मामले के संक्षिप्त तथ्य यह है कि बोराज ठिकाने के संपत्ति विभाजन का विवाद सन 1972 से लंबित था। पारिवारिक संपत्ति विभाजन से संबंधित मामले में बोराज ठिकाने की अनेकों संपत्ति जिनमे नेहरू बाजार स्थित बोराज हाउस, बोराज गांव में बोराज गढ़ और कृषि भूमि भी शामिल है। इसकी अपील उच्च न्यायालय में आठ वर्ष से लंबित थी। आधिवक्ता प्रवीण बलवदा ने बताया कि सही कानूनी राय ना मिलने के कारण यह मामला इतने वर्षों से लंबित रहा। अधिवक्ता प्रवीण बलवदा ने यह भी बताया कि मामले को मध्यस्था के लिए भेजा गया था। उच्च न्यायालय ने अपने निर्णय के पैराग्राफ 10 में प्रकरण में संबंधित अधिवक्ता मनीष शर्मा, प्रवीण बलवदा, भावना चौधरी बलवदा और गजेंद्र सिंह की प्रशंसा करते हुए कहा कि इनके सहयोग व सही कानूनी राय से इस प्रकरण का निस्तारण हुआ जो कि 52 वर्षों से लंबित था। निर्णय में मध्यस्थ ज्ञान प्रकाश पांडेय सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारी का भी आभार जताया।

## श्री श्याम सेवा समिति नवयुवक मंडल का वार्षिकोत्सव आज

**बेधड़क | जयपुर**

आमेर स्थित श्री श्याम सेवा समिति नवयुवक मंडल का वार्षिकोत्सव 1 जून को सत्यम कुंज गार्डन मनाया जाएगा। मंडल अध्यक्ष गोविंद अग्रवाल ने बताया कि सुबह 7:15 बजे से गोरा पार्वती मंदिर (मावठा) से शोभायात्रा सत्यम कुंज गार्डन पहुंचेगी। अग्रवाल ने बताया कि कलश यात्रा के बाद शाम को शाम को भजन संध्या होगी। इस दौरान श्याम बाबा का श्रृंगार, इतर एवं पुष्प वर्षा, अखंड ज्योति, तथा छप्पन भोग की झांकी भी सजाई जाएगी। गायक रजनी शर्मा, अमित नामा, तृप्ति लड्ढा, महेश परमार, विकास विजयवर्गीय भजनों से श्याम को रिझाएंगे।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।


**समाचार पत्र वितरक महासंघ ने वितरित किए परिंडे**

# घर के आसपास एक परिंडा जरूर लगाएं

**बेधड़क | जयपुर**

रामनिवास बाग में अल्बर्ट हॉल एवं आसपास में समाचार पत्र वितरक महासंघ जयपुर द्वारा बेजुबान पक्षियों के दाना-पानी के लिए परिंडे लगाए गए। महासंघ के संगठन महामंत्री एवं पूर्व पार्षद अजय यादव ने बताया कि भीषण गर्मी में पक्षियों की पानी व चुगा की व्यवस्था के लिए परिंडों का वितरण किया गया।

वितरक बंधुओं ने सभी वितरण केंद्रों के पास परिंडे लगाए व परिंडे वितरित किए गए। साथ ही यादव ने अपील की कि सभी लोग अपने अपने घरों में व घर के आसपास एक परिंडा जरूर लगाएं और सुबह शाम उसमें पानी डालकर और वहां दाना चुग्गा डालकर पक्षियों के लिए सभी को आगे आना चाहिए, जिससे पक्षियों को इस भीषण गर्मी से मदद मिल सके। सभी वितरक बंधुओं ने रोजाना परिंडों में पानी भरने व दाने डालने का संकल्प लिया।



इस दौरान कोषाध्यक्ष हनुमान सैनी, सावंत सिंह, संजय यादव, टीकम यादव, राजेश यादव, घनश्याम यादव, गोविंद गुर्जर, कैलाश मीणा, सत्यनारायण शर्मा, बीएल मीणा अनिल यादव, उमेद गुर्जर, रिंकू पंडित, गजेंद्र सिंह, दिनेश सैनी, किशन तनेजा, महेश यादव, भवानी झा, ओम प्रकाश यादव, एडवोकेट ओम प्रकाश यादव, शिवकुमार चौधरी, कुशल सोनी, अनिल यादव, सलीम खान, चंद्र प्रकाश मीणा, केके यादव, बाबुद्दीन खान, महेंद्र टॉक, कैलाश प्रजापति, राजेंद्र ढोलिया सहित वितरक बंधु उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान




*जयपुर। पिंक सिटी प्रेस क्लब में लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की 299वीं जयंती समारोह का आयोजन पाल बघेल (गड़रिया) विकास समिति की ओर से किया गया। संयोजक अमर सिंह बघेल ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता हेरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर ने की। कार्यक्रम में प्रतिभाशाली बच्चों एवं वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। समिति अध्यक्ष रतन सिंह ने आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।*

**तैयारियां शुरू: शिक्षा विभाग ने सभी कलेक्टरों से हिंदू शरणार्थी परिवारों और स्टूडेंट्स का मांगा डेटा**

# हिंदू शरणार्थियों के बच्चों को भजनलाल सरकार देगी स्कॉलरशिप

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में रह रहे हिंदू शरणार्थियों के बच्चों को भजनलाल सरकार स्कॉलरशिप देगी। जुलाई में आने वाले राज्य के बजट में सीएम इसकी घोषणा कर सकते हैं। बजट से पहले इसका डेटा जुटाने का काम किया जा रहा है। इसके लिए शिक्षा विभाग ने सभी कलेक्टरों को चिट्ठी लिखकर ऐसे परिवारों और उनके बच्चों की सूची मांगी है। दरअसल पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान से बड़ी तादाद में आए हिंदू शरणार्थी परिवार राज्य में रह रहे हैं। हर देश से आए हिंदू शरणार्थियों के बच्चों को स्कॉलरशिप मिलेगी। स्कूलों में पढ़ रहे हिंदू विस्थापितों के सभी बच्चों को इस योजना का लाभ दिया जाएगा।



### चुनाव घोषणा-पत्र में बीजेपी ने किया था वादा

बीजेपी ने विधानसभा चुनावों से पहले अपने चुनाव घोषणा-पत्र में हिंदू शरणार्थी परिवारों की छात्र-छात्राओं को स्कॉलरशिप देने की घोषणा की थी। चुनाव घोषणा-पत्र में मुख्यमंत्री शरणार्थी कल्याण योजना शुरू करने की घोषणा की थी। अब सरकार में आते ही हिंदू शरणार्थी परिवारों के बच्चों को स्कॉलरशिप देने की घोषणा को पूरा करने की दिशा में काम शुरू कर दिया है।

### पहले नागरिकता, अब स्कॉलरशिप

हिंदू शरणार्थी परिवारों को सीएए के तहत राजस्थान में नागरिकता मिलने की शुरुआत हो चुकी है। अब चुनावी घोषणा पत्र के वादे के अनुसार शरणार्थी परिवारों के बच्चों को स्कॉलरशिप देने पर काम शुरू किया गया है।

### शरणार्थियों में 50 हजार से ज्यादा पाक विस्थापित परिवार

प्रदेश में 1990 के बाद आए 50 हजार से ज्यादा पाक विस्थापित परिवार हैं। इनमें से करीब 20 हजार परिवारों को नागरिकता मिल चुकी है। करीब 30 हजार परिवारों को नागरिकता मिलना बाकी है। इन परिवारों को अब सीएए के तहत नागरिकता मिलेगी। प्रदेश के बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर, जोधपुर, गंगानगर जिलों में सबसे ज्यादा पाक विस्थापित परिवार रहते हैं। इन परिवारों में पढ़ने वाले बच्चों को अब स्कूल से कॉलेज शिक्षा तक पढ़ने के लिए स्कॉलरशिप मिलेगी।

### इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट की योजना पर भी हो काम

पाक विस्थापित शरणार्थियों के लिए लंबे समय से काम कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता और सीमा लोक संगठन के अध्यक्ष हिंदू सिंह सोढ़ा ने कहा-शरणार्थी परिवारों के सभी बच्चों को तुरंत स्कॉलरशिप देनी चाहिए। स्कॉलरशिप के साथ-साथ शरणार्थी परिवारों के इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट की योजना पर काम होना चाहिए। शरणार्थी परिवारों के बच्चों के सामने एडमिशन में भेदभाव खत्म करना चाहिए, उन्हें कई स्तरों पर दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार को इस मामले में बहुत ही उदार दिल से काम करने की जरूरत है, ये बहुत ही सताया हुआ वंचित वर्ग है।

## जरूरी खबर

### राशन डीलर एसोसिएशन का SDM को ज्ञापन



**चाकसू**। राशन डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हेमराज गुर्जर की अध्यक्षता में शुक्रवार को राशन कार्डों की ई केवाईसी उचित मूल्य के दुकानदारों से नहीं करवाने को लेकर खाद्य सचिव के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में बताया कि चाकसू राशन डीलर्स इस समय बड़ी इस कार्य से परेशान है। खाद्य विभाग के इकेवाईसी कराने के आदेश से राशन वितरण का कामकाज प्रभावित हो रहा है। ऐसे में यह कार्य ईमित्रों या अन्य जगहों से कराए जाए।

### चोरों के हौसले बुलंद, मवेशियों को बनाया निशाना

**चाकसू**। इलाके में चोरों के हौसलें इस कदर बुलंद हैं कि अब उन्हें पुलिस कोई डर नहीं है। बीते रात्रि को भी अज्ञात चोरों ने मवेशियों को निशाना बनाया और ग्राम टूमली का बास से बाड़े में बंधी 2 बकरे, 3 बकरी चोरी करके फरार हो गए। वहीं पीड़ित रविंद्र सिंह राजावत ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई की, उसके मकान के पास मवेशियों को रखने का बाड़ा बना रखा है। बीते रात को अज्ञात चोर ने 3 बकरियों में 2 बकरे भी बंधे हुए थे, जिन्हें चुरा कर ले गए। सुबह बाड़े में दूध दुहने के लिए गए जब चोरी का पता चला। वहीं चाकसू पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### स्वस्थ जीवन के लिए तम्बाकू छोड़नी होगी: बैरवा



**चाकसू**। इलाके में विश्व तंबाकू निषेध दिवस शुक्रवार को विभिन्न स्थानों पर मनाया। लोगों तंबाकू के उन्मूलन पर जोर दिया। कस्बें के नगर पालिका कार्यालय सहित सरकारी एवं निजी संस्थानों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में जगह-जगह तंबाकू सेवन से दूर रहने की शपथ ली गई तथा लोगों को तंबाकू के दुष्प्रभाव की जानकारी दी। इधर, क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा ने कहा कि आज के दौर में युवा भी तेजी से इसकी गिरफ्त में आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। पार्षद दिनेश शर्मा को स्काउट के विद्यार्थियों ने विश्व तंबाकू दिवस पर तंबाकू सेवन से बचाव को लेकर एक पेंटिंग बनाकर लोगों में जागरूकता का संदेश दिया हैं।

---

**बहरोड़ की मानव सेवा संस्था कर रही है निशुल्क पानी टैंकर सप्लाई की व्यवस्था**

# बुजुर्ग शख्स 31 सालों से कर रहा है निशुल्क जल सेवा

**बेधड़क** | बहरोड

गर्मी के इस मौसम में आपने लोगों को पानी के लिए झगड़ने के मामले जरूर सुने होंगे। लेकिन एक मामला ऐसा भी है, जिसमें एक बुजुर्ग शख्स हजारों लोगों को पिछले 31 सालों से निशुल्क पानी पिला रहा है और पुण्य कमा रहा हैं। इसके लिए निशुल्क पानी के टैंकर सप्लाई की जा रही है, हां हम बात कर रहे हैं।



बहरोड के रहने वाले बस्ती राम यादव ऐसे ही व्यक्तित्व हैं, जिन्होंने प्यासों को पानी पिलाना ही अपने जीवन का लक्ष्य मान लिया है। बस्तीराम की मानव सेवा संस्था पिछले 31 सालों से निशुल्क जल सेवा उपलब्ध करा रही है। इस बारे में बस्तीराम यादव ने बताया कि उनकी जिंदगी में एक ऐसा पल आया कि जिसके बाद उन्होंने अपना जीवन मानव सेवा में लगा दिया। वे पुरानी यादें ताजा करते हुए बताते हैं कि बात 31 साल पहले की है। गांव में एक चौपाल पर सत्संग का कार्यक्रम चल रहा था। गांव के लोग सत्संग में आए सैकड़ों लोगों को मटकों से पानी पिला रहे थे। बार बार मटके भरकर लाने से पानी की पूर्ति नहीं हो रही थी। यह नजारा देखकर बस्तीराम ने उसी समय ठान लिया कि आगे की जिंदगी मानव सेवा में ही लगानी है। तब से उन्होंने निशुल्क जल सेवा शुरू की, जो आज तक कर रहे हैं।

#### पटवारी की नौकरी छोड़ लगे जन सेवा में

यादव ने बताया कि साल 1993 में पटवारी की नौकरी छोड़कर उन्होंने प्यासों को पानी पिलाने और समाज में होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों में टैंकरों से पानी पहुंचाने की ठान ली। उसके बाद उन्होंने मानव सेवा संस्था नाम से एक संस्था बना ली। धीरे धीरे आस पास के इलाकों में होने वाले भंडारे, सत्संग, मेलों में टैंकरों से पानी पहुंचाने लग गए। आज मानव सेवा संस्था के पास करीब एक दर्जन टैंकर हैं, जो बहरोड क्षेत्र में जगह जगह पर लगने वाली प्याउ और वाटर कूलरों में पानी सप्लाई करते हैं। जहां कहीं से भी उनके पास फोन आता है या फिर सूचना लग जाती है तो वे अपनी निजी आय से पानी का टैंकर पहुंचाया जाते हैं।

#### पहले मिलता था सैकड़ों लोगों का जनसहयोग, अब तीन-चार ही

यादव ने बताया कि जब उन्होंने जल सेवा का कार्य शुरू किया था, तब इस संस्था के साथ सैकड़ों लोग जुड़ गए थे। वे अपनी निजी आय से पानी के टैंकर भिजवाने के सहयोग करते थे, लेकिन अब सिर्फ तीन चार लोग ही बचे हैं। हमारी संस्था बिना शुल्क लिए जल सेवा करती हैं, यदि कोई हमें दान स्वरूप रुपए भी देता है तो हम लोग उसे वहीं खर्च कर देते हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि अब उम्र का तकाजा हो गया है, लेकिन जब तक जीवन है तब तक पीछे नहीं हटूंगा और निरंतर सेवा करता रहूंगा।

---

**पीपाड़ शहर के बाड़ा खुर्द के खेत में दर्दनाक हादसा**

# होद में गिरे बेटा-बेटी, बचाने मां भी कूदी, तीनों की मृत्यु

## ■ दस दिन पहले ननिहाल आए थे बच्चे

**बेधड़क** | जोधपुर

जिले के पीपाड़ शहर थाना क्षेत्र के बाड़ा खुर्द में शुक्रवार सुबह दो बच्चे सहित मां की होद में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसा यूं हुआ कि भाई होद में डूबा तो बचाने के लिए बहिन में कूद गई। वहीं दोनों को बचाने के लिए मां भी कूद गई। तीनों बाहर नहीं निकाल पाए तो सभी की डूबने से मौत हो गई। दोनों बच्चे 10 दिन पहले ही अपनी मां के साथ नाना-नानी के यहां आए थे। हादसे में संतोष कंवर (43) पत्नी गोविंद सिंह राजपुरोहित निवासी घेनडी जिला पाली, दिव्या कंवर (15) पुत्री गोविंद सिंह, हनी सिंह (12) पुत्र गोविंद सिंह की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार संतोष का पीहर बाड़ा खुर्द मे है। उसके पिता राजू सिंह के घर से 500 मीटर की दूरी पर ही उनका खेत आया हुआ है। संतोष सुबह अपनी बेटी दिव्या और बेटे हनी सिंह को लेकर खेत में बने हौद पर कपड़े धोने गई थी।



#### 7 फीट की गहराई तक था पानी

ग्रामीण एसपी धर्मेंद्र सिंह यादव का कहना है कि महिला के पिता राजू सिंह का परिवार गांव में ही खेती करता है। महिला का ससुराल पाली जिले के घेनड़ी गांव में है। इस हौद में 7 फीट की गहराई तक पानी भरा हुआ था। पति गोविंद सिंह की पाली जिले के खिवाड़ा में चाय की होटल चलाते है।

हनी हौद के पास ही खेल रहा था। तभी अचानक उसका पैर फिसला और वह हौद में गिर गया। भाई को डूबता देख उसे बचाने के लिए दिव्या भी कूद गई, लेकिन वह भी डूबने लगी। दोनों बच्चों को डूबता देखा तो संतोष भी उन्हें बचाने के लिए हौद में कूदी और वह भी डूब गई।



#### युवक ने आवाज लगाकर बुलाया ग्रामीण को

हादसा स्थल से 500 मीटर की दूरी पर ही खेड़ी सालवा रेलवे स्टेशन है। हादसे के दौरान किशन सिंह नाम का युवक पास के ही खेत में काम कर रहा था। तीनों को डूबता देख व बचाओ-बचाओ की आवाज लगाते हुए स्टेशन पहुंचा। इसके बाद वहां मौजूद लोग घटना स्थल पर पहुंचे और तीनों को बाहर निकाला। तीनों को पीपाड़ शहर के हॉस्पिटल में लाया गया, जहां मृत घोषित कर दिया गया। इधर, घटना के बाद परिवार के लोगों को रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।

---

**फ्रीज में गैस भर बाइक से लौट रहे थे**

# फ्रिज की गैस का सिलेंडर फटने से 2 बाइक सवार की मौत

**बेधड़क** | झुंझुनूं

जिले में चलती बाइक पर सिलेंडर फट जाने से शुक्रवार को दो लोगों की दर्दनाक मौत होने का मामला सामने आया है। वहीं हादसा इतना भयानक था बाइक के पीछे बैठा शख्स 20 फीट दूर जाकर गिरा और उसका जबड़ा बाहर निकल गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरे युवक ने अस्पताल ले जाते समय बीच रास्ते में दम तोड़ दिया। हादसा दोपहर करीब डेढ़ बजे झुंझुनूं सदर थाना क्षेत्र के दोरादास गांव में हुआ। पुलिस ने दोनों के शव को बीडीके अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाकर परिजनों को सूचना दी। सदर थाने पुलिस के अनुसार शुक्रवार दोपहर करीब 1.45 बजे हादसे की सूचना मिली थी। मृतक अखिलेश (26) पुत्र नरेश, झुंझुनूं शहर के चूरू बाईपास का रहने वाला था। वहीं दूसरा व्यक्ति नरेश (58) पुत्र शीशराम झुंझुनूं के वार्ड नंबर 12, किसान कॉलोनी का निवासी है। दोनों गांवों में जाकर एसी- फ्रिज ठीक करते थे। दोनों शुक्रवार को बाइक से दोरादास में फ्रिज ठीक करने पहुंचे थे। पुलिस ने बताया कि फ्रिज में डाली जाने वाली गैस का सिलेंडर बाइक पर रखा हुआ था। फ्रिज ठीक करने के बाद जैसे ही बाइक स्टार्ट कर दोनों निकले, उनके कुछ ही दूरी पर जाते ही सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। हादसा





इतना भीषण था कि बाइक के पीछे बैठा नरेश 20 फीट दूर जाकर गिरा। वहीं सिलेंडर करीब 50 फीट दूर गिरा। हादसे में अखिलेश बाइक के नीचे दब गया। धमाके की आवाज सुनकर ग्रामीण दौड़कर आए। दोनों के शरीर खून में लथपथ पड़े थे। इसके बाद तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। पुलिस ने बताया कि पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

---

# इधर, कुंड में नहाने उतरे दो दोस्तों की डूबने से मौत

**बेधड़क** | उदयपुर

शहर की भूपालपुरा थाना इलाके में शुक्रवार को एक बड़ी घटना सामने आई। यहां गंगू कुंड में नहाने के दौरान दो लोगों की डूबने से मौत हो गई। कड़ी मशक्कत के बाद स्थानीय गोताखोरों ने दोनों के शव बाहर निकाले। घटना की सूचना मिलने के साथ ही बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई।

थानाधिकारी मुकेश सोनी ने बताया कि उदयपुर शहर के गणेश नगर पायड़ा निवासी गणेश मेहरा (43) पुत्र अंबालाल मेहरा और मित्तल स्कूल के पास अलवर निवासी कपिल शर्मा (32) पुत्र सुरेश चन्द्र शर्मा गंगूकुंड में डूब गए हैं। युवक कपिल का शव कुछ ही देर में गंगूकुंड से बाहर निकाल लिया गया, जबकि गणेश का शव करीब दो घंटे के सर्च ऑपरेशन के बाद निकाला गया। जब तक दोनों युवकों को गंगूकुंड से निकाला जा सका, दोनों की मौत हो चुकी थी।



#### घर लौटने से बनाया नहाने का बनाया था प्रोग्राम


उन्होंने बताया कि युवक कपिल शर्मा अलवर का रहने वाला था। वह यहां उदयपुर में प्राइवेट नौकरी कर रहा था। वह अपने घर अलवर लौटने वाला था। इससे पहले उसने अपने साथी के साथ गंगू कुंड में नहाने का प्रोग्राम प्लान बनाया था, लेकिन घर लौटने से पहले ही यह हादसा हो गया। दोनों नहाते हुए कुंड के गहरे बहाव की तरफ पहुंच गए। दोनों को डूबता देख भीड़ लग गई। लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। थानाधिकारी मुकेश सोनी जाप्ते के साथ पहुंचे और तुरंत सिविल डिफेंस की टीम को भी बुलाया गया। गोताखोरों की मदद से दोनों के शव बाहर निकाले गए। नगर निगम मेयर जीएस टांक भी मौके पर पहुंचे।

---

**मृतक कोटा के देहलोद गांव का था निवासी**

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक काल-कवलित

**चाकसू**। क्षेत्र के शिवदासपुरा थाना इलाके के प्रह्लादपुरा के पास शुक्रवार को रेलवे अंडरपास 66 पर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर रेलवे और स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मौका मुआयना किया। मृतक की पहचान कोटा के देहलोद गांव निवासी केदार गुर्जर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रेल पटरी और उसके पास में युवक का क्षत -विक्षत अवस्था में शव पड़ा हुआ था। जिसे देख मौके पर लोगो की भीड़ लग गई।



---

**संभागीय आयुक्त और जोधपुर आईजी से वार्ता के बाद बनी सहमति**

# बंदी की मौत के मामले में बनी सहमति, जेलर सस्पेंड और डॉक्टर एपीओ

**बेधड़क** | बाड़मेर

जिला कारागृह में बंदी जयसिंह की तबीयत बिगड़ने से मौत के मामले में बाड़मेर पुलिस लाइन में प्रतिनिधि मंडल की संभागीय आयुक्त और जोधपुर रेंज आईजी के साथ चली 4 घंटों की लंबी वार्ता के बाद आखिरकार गतिरोध टूटा और मामला सुलझ गया। वहीं मामले में गुरुवार देर रात को जेलर को सस्पेंड और जेल डिस्पेंसरी के डॉक्टर को एपीओ किए जाने के बाद आखिरकार सहमति बनी। सहमति के बाद परिजनों का 40 घंटों से जारी धरना प्रदर्शन अब समाप्त हो गया है।

बता दें कि बाड़मेर जिला कारागृह में हत्या के मामले में बंद 25 वर्षीय बंदी जय सिंह की बुधवार सुबह तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई थी। जिसके बाद मृतक के परिजनों और समाज के लोगों ने जेल प्रशासन पर समय पर इलाज नहीं करवाने सहित लापरवाही के आरोप लगाते हुए जिला कारागृह के आगे धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया था। शिव से निर्दलीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी भी दो दिन तक धरने पर डटे रहे।





#### दोषियों पर की जाएगी कार्रवाई

सिवाना विधायक हमीर सिंह भायल ने कहा कि इस मामले में जायज मांग थी। सीएम ने इस मामले में लापरवाह अधिकारी पर कार्रवाई की है। जिसकी गलती होगी उसे बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि जेलर ने बंदी पर ध्यान नहीं दिया। लापरवाही की वजह से एक बंदी की मौत हुई है। भायल ने कहा कि सरकार संवेदनशीलता दिखाते हुए जेलर को सस्पेंड और डॉक्टर को एपीओ करेगी।

#### भाजपा विधायक और नेता कलेक्टर-एसपी से मिले

इस दौरान धरने पर बैठे लोगों और पुलिस प्रशासन के बीच कई दौर की वार्ता हुई लेकिन सफल नहीं हो पाई। इस बीच इस मामले को लेकर गुरुवार शाम को भाजपा विधायक हमीरसिंह भायल, आदूराम मेघवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष स्वरूपसिंह खारा सहित कई नेताओं ने जिला कलेक्टर निशांत जैन और पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीना से मुलाकात की। देर शाम को इस मामले को लेकर संभागीय आयुक्त और जोधपुर रेंज आईजी भी बाड़मेर पहुंचे। सिवाना विधायक हमीर सिंह भायल, चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल, शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी और स्वरूपसिंह सहित प्रतिनिधिमंडल की संभागीय आयुक्त और जोधपुर रेंज आईजी, जिला कलेक्टर व एसपी के साथ गुरुवार रात को पुलिस लाइन में वार्ता हुई। 4 घंटे की लंबी वार्ता के बाद आखिरकार इस मामले में सहमति बन पाई।

#### यह है मामला

चौहटन थाने में दर्ज हत्या के मामले में जयसिंह 23 जून 2023 से जिला कारागृह में न्यायिक अभिरक्षा में कैद था। वह 4-5 दिनों से बीमार चल रहा था। बुधवार सुबह बंदी जयसिंह की मौत हो गई। जिसके बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। वहीं पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी जिला कारागृह पहुंचे। जिला कारागृह प्रशासन का कहना है कि कैदी को चिकन पॉक्स हुआ था। वहीं, परिजनों ने जेल प्रशासन पर आरोप लगाया है कि जयसिंह पिछले कई दिनों से बीमार था, लेकिन जेल प्रशासन ने उसका समय पर इलाज नहीं करवाया, जिसके कारण उसकी मौत हुई है। लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर मृतक के परिजन, समाज के लोग और शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी जिला कारागृह के आगे धरने पर बैठ गए थे।

#### बंदी की मौत के बाद हरकत में आए जिम्मेदार

जिला कारागृह में बुधवार को चिकन पॉक्स बीमारी से ग्रसित बंदी जय सिंह की मौत के बाद जिम्मेदार अधिकारी हरकत में आए और जिला कारागृह में बंद अन्य 13 बंदियों का उपचार शुरू करवाया। जो चिकन पॉक्स सहित कई अन्य बीमारियों से ग्रसित है, उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

## विश्व तम्बाकू निषेध दिवस: कई संस्थानों ने आयोजित किए विभिन्न कार्यक्रम

# नशे की लत का फैशन में बदलना घातक: प्रो. संजीव शर्मा

■ राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में कई गतिविधियां

बेधड़क | जयपुर

शहर में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर विभिन्न संस्थानों में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें विभिन्न वर्गों को तंबाकू सेवन से होने वाले नुकसान को लेकर जागरूक किया गया। ऐसा ही आयोजन राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में हुआ। संस्थान में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया गया। जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय, जयपुर में शुक्रवार को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर आमजन में तम्बाकू के दुष्प्रभावों की जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि आज बड़े शहरों से लेकर ग्रामीण इलाकों में नशे की लत फैशन में बदलती जा रही है, जिसके कारण युवा पीढ़ी में कम उम्र में ही कई दुष्प्रभाव देखने को मिल रहे है। नशे की लत से दूर रहकर ही हम अपने भविष्य और जीवन दोनों को बचा सकते है। इस अवसर पर अगद तंत्र विभागाध्यक्ष प्रो अनिता शर्मा के निर्देशन में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के चिकित्सालय की ओपीडी संख्या 25 में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्घाटन चिकित्सालय अधीक्षक प्रो. अनुपम श्रीवास्तव ने किया।

### संस्थान नशे की लत पर कर रहा अनुसंधान: प्रो. अनिता

प्रो. अनिता शर्मा ने तम्बाकू से होने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न प्रकार के नशे में लिप्त रोगियों का आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से उपचार के साथ निरन्तर अनुसंधान कार्य भी किया जा रहा है। नशा मुक्ति के लिए प्रत्येक सोमवार, मंगलवार एवं बुधवार को राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के अस्पताल भवन की ओपीडी संख्या 25 में संचालित की जाती है।



### पोस्टर एवं विडियो मेकिंग प्रतियोगिता

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर तम्बाकू सेवन से होने वाले हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आयुर्वेद विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर पोस्टर एवं विडियो मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें देश के अन्य राज्यो में संचालित आयुर्वेदिक कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया एवं इस अवसर पर संस्थान में कार्यरत विद्यार्थियों को आवासीय चिकित्सा अधिकारी डॉ. आभा सिंह ने नशा मुक्ति की शपथ दिलाई।

### डेंटल कॉलेज ने भी किए कार्यक्रम

दिल्ली रोड स्थित जयपुर डेंटल कॉलेज के तत्वावधान में शुक्रवार को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर जयपुर में नुक्कड़ नाटक सभाओं का आयोजन कर लोगों को तम्बाकू के दुष्प्रभावों की जानकारी दी। मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. विकास जैफ ने बताया कि वर्तमान में युवा पीढ़ी में तम्बाकू सेवन का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। तम्बाकू स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इसके सेवन से कई प्रकार की बीमारियां हो जाती है। यहां तक कैंसर जैसी लाइलाज बीमारियां भी हो सकती है। इसलिए तम्बाकू का सेवन नहीं करना चाहिए। यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. मनोहर भट्ट व प्रिंसिपल डॉ. अनूप एन. ने भी तम्बाकू के दुष्परिणामों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए लोगों को जागरूक किया। डॉ. स्वस्ति ताम्बी ने बताया कि शुक्रवार को डॉ अनूप एन के निर्देशन में जयपुर डेंटल कॉलेज द्वारा जयपुर में अल्बर्ट हॉल एवं सेंट्रल पार्क में नुक्कड़ नाटक सभाओं का आयोजन किया गया। डॉक्टर्स ने लोगों को तम्बाकू सेवन के दुष्परिणामों की जानकारी दी।

## Yuva स्टोरीज

### राजस्व अधिकारी-ग्रेड द्वितीय एवं EO-वर्ग चतुर्थ की परीक्षा

# जारी किए गए प्रमाण पत्र अपलोड करने का अंतिम अवसर



बेधड़क | जयपुर

राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राजस्व अधिकारी-ग्रेड द्वितीय एवं अधिशाषी अधिकारी-वर्ग चतुर्थ प्रतियोगी परीक्षा-2022 के राजस्थान नगर पालिका अधीनस्थ सेवा एवं स्थानीय निकाय विभाग मंत्रालयिक सेवा में कार्यरत अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रारूप में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र अपलोड करने का अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि आयोग द्वारा 14 मई 2023 को आयोजित उक्त परीक्षा के संयुक्त विज्ञापन संख्या-09/परीक्षा/ईओ/आरओ एंड एईएन/डीएलबी/ईपी-1/2022-23 दिनांक 24.08.2022 द्वारा विज्ञापित पदों में राजस्थान नगर पालिका अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा के कर्मचारी एवं स्थानीय निकाय विभाग के कर्मचारियों हेतु पद आरक्षित हैं। इन आरक्षित पदों हेतु परीक्षा में सम्मिलित होने वाले ऐसे अभ्यर्थी जो उक्त विभागों में कार्यरत तथा इन पदों हेतु योग्यता रखते हैं को आयोग की वेबसाइट के एग्जाम डैशबोर्ड पर इंस्ट्रक्शन/लिंक्स/इंट.लेटर/सर्टिफिकेट्स में संबंधित परीक्षा के समक्ष उपलब्ध प्रोफार्मा को डाउनलोड कर अपने विभाग के सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रमाण-पत्र जारी करवा कर 3 जून से 10 जून 2024 को रात्रि 12 बजे तक आवश्यक रूप से अपलोड करना होगा। जिन अभ्यर्थियों द्वारा पूर्व में उक्त प्रमाण-पत्र अपलोड कर दिए गए हैं, उन्हें पुनः अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है। उक्त अवधि के पश्चात् इस संबंध में अन्य कोई अवसर देय नहीं होगा।

### प्रमाण-पत्र स्टेट रिक्रूटमेंट पोर्टल पर उपलब्ध

अपने आवेदन को एडिट कर आइडेंटिफिकेशन एंड एनक्लोजर सेक्शन में दिए गए मिनिस्ट्रीयल एम्प्लॉई सेक्शन पर उपलब्ध मिनिस्ट्रीयल एम्प्लोयी सर्टिफिकेट पर अपलोड किए जा सकेंगे। निर्धारित दिनांक के बाद इस संबंध में प्राप्त किसी भी प्रकार के पत्राचार पर विचार नहीं होगा।

## जयपुर की विवेकानन्द ग्लोबल UNI ने रचा इतिहास

# ग्लोबल UNI रैंकिंग में VGU की देश में 3rd रैंक

### उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता, गुणवत्ता, नवीन रणनीतियों, सुदृढ़ता, समावेशिता, शोध आदि रहे मानक




बेधड़क | जयपुर

राजस्थान की पहली नेक (एएए+) मान्यता प्राप्त निजी विश्वविद्यालय विवेकानन्द ग्लोबल यूनिवर्सिटी, जयपुर ने उच्च शैक्षणिक उन्नयन के क्षेत्र में निरंतर प्रगति के पथ पर एक और एतिहासिक उपलब्धि प्राप्त की है।

वीजीयू ने ग्लोब स्तर पर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में डायवर्सिटी, इक्विटी और इन्क्लूजन (डीईआई) 2024 और इंस्टीटयूशन (एसआई) रैंकिंग 2024 में पूरे भारत में तीसरी रैंक हासिल की है। वैश्विक स्तर पर उच्च शिक्षण संस्थानों की रैंकिंग प्रदान करने वाली संस्था ग्लोबल यूनिवर्सिटी रैंकिग की ओर से जारी रिपोर्ट में ग्लोबल स्तर पर यह उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षा में उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता, गुणवत्ता, नवीन रणनीतियों, संस्थानों की सुदृढ़ता और समावेशिता में योगदान आदि के मानकों के आधार पर रैंकिग का पैमाना और रिपोर्ट प्रस्तुत की।

वीजीयू के सीईओ इंजीनियर ओंकार बगरिया ने इसका श्रेय सभी छात्रों, संकाय सदस्यों और स्टाफ सहित पूरे विश्वविद्यालय समुदाय को दिया। साथ ही, इस शानदार उपलब्धि पर वीजीयू परिवार को बधाई देते हुए कहा कि पूरे देश में वीजीयू को तीसरी रैंक न केवल संस्थान, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है।

### संस्थान कॅरिअर निर्माण के लिए प्रतिबद्ध: बगरिया

बगरिया ने कहा कि वीजीयू शैक्षणिक उन्नयन, बेहतर माहौल और स्टूडेंटस के कॅरिअर निर्माण व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिबद्ध है। वीजीयू छात्रों में चरित्र निर्माण, मन और आत्मविश्वास को मजबूत करने और बुद्धि का विस्तार करने पर ध्यान केंद्रित करने वाली शिक्षा प्रदान करने में विश्वास करता है। हमारी प्राथमिकता हमेशा एकडेमिक स्तर को बेहतर बनाने के साथ क्वालिटी एजुकेशन मुहैया कराना है। ताकि ग्लोबलाइजेशन के दौर में स्टूडेंटस कॅरिअर निर्माण और रोजगार के क्षेत्र में बढ़ रही स्पर्धा में आगे बढ़कर अपना भविय संवारने में सक्षम बनें।

### वीजीयू है देश का विशिष्ट संस्थान: कुमार

यूनिवर्सिटी के एक्ंटिग प्रेसीडेंट प्रो संतोष कुमार ने कहा कि यूनिवर्सिटी द्वारा वैश्विक रैंकिंग में पूरे देश में तीसरे पायदान पर स्थान प्राप्त करना हमारी निरंतर अकादमिक प्रगति और उच्च शिक्षा की ओर बढ़ते कदम को दर्शाता है। यूनिवर्सिटी ने कम समय में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से न केवल राजस्थान में, बल्कि देश की शीर्ष यूनिवर्सिटीज में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है।




### वीजीयू में होता है स्टूडेंट्स का सर्वांगीण विकास: पंवार

यूनिवर्सिटी के चेयरमैन पूर्व आईएएस डॉ. ललित के पंवार ने कहा कि शिक्षा का अर्थ केवल रोजगार पाने के लिए डिग्री हासिल करना नहीं है। वीजीयू ऐसी शिक्षा में विश्वास रखता है, जो छात्रों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करती है। वीजीयू वास्तव में एक वैश्विक विश्वविद्यालय है, जिसमें भारत के लगभग सभी राज्यों और 18 अन्य देशों के 12000 से अधिक छात्र यूजी, पीजी संकायों में और डॉक्टरेट स्तर पर करीब 100 से अधिक कॅरिअर-उन्मुख कार्यक्रमों में अपनी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

## आईआईईआरडी विदाई समारोह 'आशीर्वाद -2024'

# जिम्मेदार शिक्षिका की दिलाई शपथ, साझा किए अनुभव



बेधड़क | जयपुर

आईआईएस नेटवर्क के शिक्षण संस्थान आईसीजी इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन रिसर्च एंड डवलपमेंट-(आईआईईआरडी)-2024 की छात्राओं के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ.अर्चना जैन ने विश्वास जताया कि छात्राएं परीक्षाओं में अच्छा परिणाम लाकर अपने महाविद्यालय का नाम रोशन करेंगी। इस मौके पर संस्थान के डॉ. संजय केड़िया ने सभी छात्राओं को अपने कर्म के प्रति एवं परिवार, समाज एवं देश के उत्थान में एक जिम्मेदार शिक्षिका बनने की शपथ दिलाई। साथ ही, छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। संस्थान की यादों का स्मरण करते हुए छात्राओं ने अपने-अपने अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर शैक्षणिक, खेल, सांस्कृतिक एवं कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया।

बीएड सत्र-2023 की अंकित शर्मा एवं मीघल जेम्स, एमएड सत्र 2023 की छात्रा विद्योतमा सिंह एवं सुमन जोशी को विश्वविद्यालय परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर ट्रॉफी प्रदान की गई। अंत में डॉ. शशि यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### एबीवीपी का 'चलो परिसर अभियान'

# जनजाति के छात्रों को करा रहे सामाजिक अनुभूति

**जयपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 'चलो परिसर अभियान' के तहत जनजाति क्षेत्र के विद्यार्थियों को सामाजिक अनुभूति प्रकल्प के माध्यम से परिसर दर्शन करवा रही है। महानगर मंत्री ट्विंकल शर्मा ने बताया कि जनजाति क्षेत्र के दौसा, करौली, गंगापुर सिटी, सवाईमाधोपुर, जयपुर ग्रामीण और सांगानेर के विद्यार्थी 27 से 31 मई तक 'चलो अपनो से सपनों की और' की भावना के साथ यहां एमएनआईटी परिसर, एनआईए परिसर, विधानसभा और सिटी पैलेस का दर्शन कर रहे हैं।

जयपुर ग्रामीण और सांगानेर जिले से 120 से अधिक विद्यार्थी शुक्रवार को एमएनआईटी एवं एनआईए परिसर में पहुंचे। इस दौरान अभाविप के प्रांत संगठन मंत्री उपमन्यु सिंह राणा और केंद्रीय कार्य समिति सदस्य भारत भूषण यादव का प्रवास रहा।

## डिस्कशन | भवानी निकेतन परिसर में सन टू ह्यूमन का शिविर

# ऊर्जा को ब्रेन तक पहुंचाने के लिए स्थिरता चाहिए... बोले परमालय

■ लंबी गहरी श्वास के प्रयोग के साथ बताया लार का महत्व

■ खूब जमकर किया नृत्य, कहां शिविर अनूठा, बहुत अच्छा लगा

बेधड़क | जयपुर

लगभग 450 करोड़ वर्ष पूर्व पृथ्वी का उद्गम हुआ। बदलाव होते होते मनुष्य भी प्रकृति, पशु योनि से मानव बने। इसके बाद ब्रेन का विकास हुआ। जितना ब्रेन का विकास हुआ उतना सोचने की क्षमता भी बढ़ती गई। हम बाहर तो मनन कर रहे हैं, लेकिन भीतर मनन नहीं कर रहे हैं। हमें भौतिक शरीर तक ऊर्जा को पहुंचाने के लिए धारा बनानी होगी, जितना ब्रेन तक ऊर्जा को लेकर जाएंगे उतनी पॉजिटिविटी आएगी। निगेटिविटी अपने आप कम हो जाएगी। ये महत्वपूर्ण तथ्य प्रोजेक्टर पर उदाहरण सहित सन टू ह्यूमन संस्था की ओर से भवानी निकेतन परिसर सीकर रोड में आयोजित नया दृष्टिकोण, युवाओं में नई चेतना और जागृति के लिए मंच से सन टू ह्यूमन के प्रमुख सूत्रधार परमालय ने साधकों को बताएं।

लोगों ने इस अनूठे शिविर की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन लगातार होने चाहिए जिससे पीढ़ियां सुधरेंगी। युवाओं के लिए इसे महत्वपूर्ण माना और साधक अपने साथ बच्चों को बड़ी संख्या पर लेकर यहां पहुंच रहे हैं। इस दौरान साधकों ने अपनी बातें भी सामने रखी जिनका मंच से परमालय जी ने समाधान किया। लगातार मंच से अनेक आज की दैनिक जीवन से जुड़ी विकट समस्याओं का परमालय जी ने समाधान किया।

इस मौके पर लार और नाभि से जुड़े हुए कई उपयोगी और महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी। सभी ने साधना करते हुए लार रोकी और नाभि झटका प्रयोग भी किया। इसके बाद लयबद्ध होकर धार्मिक भजनों पर नृत्य किया। लगभग 30 मिनट तक सभी उम्र के लोगों ने प्रकृति के साथ खुद को जोड़ते हुए आनंद की अनुभूतियों को ग्रहण किया।

### परमालय को सुनने के लिए साधक डटे रहे, समझे महत्वपूर्ण सूत्र





### हर समस्या का समाधान ब्रेन से

जो उर्जा शरीर में बनती है इसे ब्रेन तक पहुंचानी होती है। इस भौतिक शरीर में हर समस्या का समाधान हमारा ब्रेन ही करता हैं। जो व्यक्ति हर दिन प्रॉब्लम पैदा करता है उस व्यक्ति की समझ कितनी कम होती है। सबसे बड़ी समस्या जो आप लोग हर दिन क्रिएट करते हैं, आपको यही पता नहीं कि भोजन कैसे करना है, हर दिन नई बीमारी को अपने अंदर प्रवेश करवाते हैं। जिस चीज को भोजन में शामिल नहीं करना हो उसे हम नासमझी के कारण ले लेते हैं। हम रोजाना बीमारियों को इकट्ठा कर रहे हैं और वह आज विशाल पहाड़ बन गया है।

### जीवन में निरंतरता जरूरी

आयोजन से जुड़े संजय माहेश्वरी, अजय मित्तल, आलोक तिजारिया, प्रमोद मालपानी, नरेंद्र वैद्य, विवेक लड्ढा ने बताया परमालय ने कहा कि शुद्ध विचार, शुद्ध शरीर और शुद्ध भाव की निरंतरता ही आपको अपने जीवन में लक्ष्य की ओर ले जाते हैं। जीवन में निरंतरता जरूरी है, आज विज्ञान में बहुत अविष्कार कर दिया है मनुष्य में अद्भुत ताकत है पर उसे शब्दों व प्रवचन से वह नहीं बदल सकता। विज्ञान कहते हैं अपने आप को बदलने के लिए प्रयोग करने होंगे और प्रयोग जैसे जैसे आप करते हैं एक नई धारा अपने आप बनती है।

### शरीर को सही रखने के प्रयोग करवाए

शरीर पर चर्चा करते हुए अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की। शिविर के मीडिया प्रभारी राजेश नागपाल ने बताया कि इस दौरान गार्गी मां ने शरीर को शक्तिशाली बनाने वाले नाभि झटका प्रयोग भी करवाए। सभी साधकों ने मां गार्गी के निर्देशन में सूर्य वंदना, नटराज ध्यान और लंबी गहरी श्वास के प्रयोग किए। इस दौरान मंच पर परम आलय जी ने ऊर्जा से संबंधित प्रश्न-उत्तर किए। उन्होंने बताया कि भोजन से उर्जा बनती है और व्यायाम से जागती है। इस ऊर्जा को ब्रेन तक पहुंचाने के लिए जीवन में नियम बनाने पड़ते हैं।

# सियासत के बिना कोई भी अदबी काम नामुमकिन है




ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

तरक्कीपसंद तहरीक से जुड़े हुए कलमकारों और कलाकारों की फेहरिस्त में ख्वाजा अहमद अब्बास का नाम बहुत अदब से लिया जाता है। तरक्कीपसंद तहरीक के वे रहबर थे और राही भी। भारतीय जन नाट्य संघ यानी इप्टा के वे संस्थापक सदस्यों में से एक थे। मुंबई में जब 25 मई, 1943 को इप्टा का स्थापना सम्मेलन हुआ, तो उन्हें संगठन के कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई, जिसे उन्होंने कई बरसों तक बखूबी निभाया। इप्टा का दूसरा और तीसरा राष्ट्रीय सम्मेलन भी साल 1944 और 1945 में मुंबई में ही हुआ। इस दरमियान ख्वाजा अहमद अब्बास ने इप्टा की सांगठनिक समितियों में अहम भूमिका निभाई। हरफनमौला शख्सियत के धनी अब्बास साहब फिल्म निर्माता, निर्देशक, कथाकार, पत्रकार, उपन्यासकार, नाटककार, पब्लिसिस्ट और देश के सबसे लंबे समय तकरीबन बावन साल तक चलने वाले नियमित स्तंभ 'द लास्ट पेज' के स्तंभकार थे। देश में समानांतर या नव-यथार्थवादी सिनेमा की जब भी बात होगी, अब्बास का नाम फिल्मों की इस मुख्तलिफ धारा के रहनुमाओं में गिना जाएगा।

ख्वाजा अहमद अब्बास ने उस वक्त लिखना शुरू किया जब देश अंग्रेजों का ग़ुलाम था। पराधीन भारत में लेखन से समाज में अलख जगाना, उस वक्त सचमुच एक चुनौतीपूर्ण काम था, पर उन्होंने यह चुनौती कबूल की और जिंदगी के आखिर तक अपनी कलम को खामोश नहीं होने दिया। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद अब्बास जिस सबसे पहले अखबार से जुड़े, वह 'बॉम्बे क्रॉनिकल' था। इस अखबार में बतौर संवाददाता और फिल्म समीक्षक उन्होंने साल 1947 तक काम किया। अपने दौर के मशहूर साप्ताहिक 'ब्लिट्ज' से उनका नाता लंबे समय तक रहा। इस अखबार में प्रकाशित उनके कॉलम 'लास्ट पेज' ने उन्हें देश भर में काफी शोहरत दिलाई। अखबार के उर्दू और हिंदी संस्करण में भी यह कॉलम क्रमशः 'आजाद कलम' और 'आखिरी पन्ने' के नाम से प्रकाशित होता था। अखबार में यह कॉलम उनकी मौत के बाद ही बंद हुआ। 'बॉम्बे क्रॉनिकल' और 'ब्लिट्ज' के अलावा ख्वाजा अहमद अब्बास ने कई दूसरे अखबारों के लिए भी लिखा। मसलन 'क्विस्ट', 'मिरर' और 'द इंडियन लिटरेरी रिव्यू'। अपने लेखों के जरिए उन्होंने समाजवादी विचार लगातार लोगों तक पहुंचाए। उनके लेखन में समाज के मुख्तलिफ पहलुओं का तफ़्सील से ब्यौरा मिलता है। अपने दौर के तमाम अहमतरीन मुद्दों पर उन्होंने अपनी कलम चलाई। तरक्कीपसंद तहरीक का अब्बास के विचारों पर काफी असर रहा। मुंबई में विक्टोरिया गार्डन के नजदीक उनके छोटे से कमरे में प्रगतिशील लेखक संघ की लगातार बैठकें होती थीं, जिसमें हिंदी, मराठी, उर्दू, गुजराती और कभी-कभी कन्नड़ एवं मलयालम के जाने-माने लेखक शरीक होते। मुंबई में हुए प्रगतिशील लेखक संघ के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन में उन्हें कृष्ण चंदर के साथ संयुक्त सचिव चुना गया। अपनी स्थापना के कुछ ही दिन बाद, इप्टा का सांस्कृतिक आंदोलन जिस तरह से पूरे मुल्क में फैला, उसमें ख्वाजा अहमद अब्बास का अहम रोल है। उस जमाने में इप्टा के जो भी बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम बने, उसमें उनका अमूल्य योगदान है। अब्बास, ने इप्टा के संगठनात्मक कामों के अलावा उसके लिए खूब नाटक लिखे। यही नहीं कई नाटकों का निर्देशन भी किया। 'यह अमृता है', 'बारह बजकर पांच मिनिट', 'जुबैदा' और 'चौदह गोलियां' उनके मकबूल ड्रामे हैं। अब्बास उन नाटककारों में शामिल हैं, जिनके नाटकों की वजह से भारतीय रंगमंच में यथार्थवादी रुझान आया।

### 1 जून, ख़्वाजा अहमद अब्बास का स्मृति दिवस



> *"ख्वाजा अहमद अब्बास, पंडित जवाहर लाल नेहरू के बड़े प्रशंसक थे। वे उनके समाजवादी विचारों से पूरी तरह से इत्तिफाक रखते थे। अपने लेखों और कहानियों के मार्फत यही काम अब्बास कर रहे थे। उन्हें लगता था कि नेहरू की रहबरी में मुल्क अच्छी तरह से महफूज है।"*

इप्टा द्वारा साल 1946 में बनाई गई पहली फिल्म 'धरती के लाल' ख्वाजा अहमद अब्बास ने निर्देशित की थी। कहने को यह फिल्म इप्टा की थी, लेकिन इस फिल्म में मुख्य भूमिका अब्बास ने ही निभाई थी। फिल्म के लिए लाइसेंस लेने से लेकर, तमाम जरूरी संसाधन जुटाने का काम उन्होंने ही किया था। बंगाल के अकाल पर बनी यह फिल्म कई अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में समीक्षकों द्वारा सराही गई। इस फिल्म में जो प्रमाणिकता दिखलाई देती है, वह अब्बास की कड़ी मेहनत का ही नतीजा है। अब्बास को भले ही फिल्मकार के तौर पर अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली हो, लेकिन बुनियादी तौर पर वे एक बेहतरीन अदीब थे। उन्होंने साहित्य की लगभग सभी विधाओं में लिखा। अब्बास की कहानियों की तादाद सौ से ऊपर है। उन्होंने अंग्रेजी, उर्दू और हिंदी तीनों जबानों में जमकर लिखा। अब्बास उर्दू में भी उतनी ही रवानी से लिखते थे, जितना कि अंग्रेजी में। दुनिया की तमाम भाषाओं में उनकी कहानियों के अनुवाद हुए। अब्बास की कहानियों में वे सब चीजें नजर आती हैं, जो एक अच्छी कहानी में बेहद जरूरी हैं। सबसे पहले एक शानदार मा'नी-खेज कथानक, किरदारों का हकीकी चरित्र-चित्रण और ऐसी किस्सागोई कि कहानी शुरू करते ही, खत्म होने तक पढ़ने का जी करे। एक अहम बात और, उनकी कहानियों में कई बार ऐसे मोड़ आते हैं, जब पाठकों को लाजवाब कर देते हैं। वह एक दम हक्का-बक्का रह जाता है। अब्बास ने अपनी कहानियों में विविध विषयों को छुआ। समाज में हाशिये पर पड़े तमाम ऐसे लोगों को अपनी कहानियों का अहम किरदार बनाया, जिन पर कई कहानीकार लिखने से बचते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

---

## लू के थपेड़ों से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित

# सियासी पारे संग... बढ़ता मौसमी पारा!



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

लोकसभा चुनावों के मतदान के चरण जिस तरह से एक के बाद एक पूरे होते जा रहे हैं और सियासी पारा चढ़ता जा रहा हैं उसी तरह से मतदान का अंतिम चरण आने से पहले ही उत्तर, पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के तापमान में भी दिन प्रतिदिन तेजी आती जा रही है। एक ओर जहां समग्र मतदान प्रतिशत 2019 के स्तर पर नहीं आ पा रहा है, वहीं सूर्यदेव को लगता है स्वयं से ही तापमान बढ़ाने की होड़ चल रही है। 29 मई को देश की राजधानी दिल्ली का पारा 52 के आंकड़े को छू गया, हो सकता है इसको लेकर कोई मत भिन्नता हो पर इसमें कोई दो राय नहीं कि दिल्ली का पारा 50 डिग्री से तो ज्यादा ही रहा है। देश के 17 से अधिक शहरों में तापमान उच्चतम स्तर पर चल रहा है। यह एक तरह का प्राकृतिक आपातकाल है। हीटवेव या यूं कहें कि लू के थपेड़ों ने जनजीवन को प्रभावित करके रख दिया है। लू या हीटवेव या तापघात के कारण देश के विभिन्न हिस्सों में मौत के समाचार भी आ रहे हैं। तस्वीर का एक पहलू यह है कि अभी तक सही मायने में हमारे देश में हीटवेव को डिजास्टर मैनेजमेंट में पूरी तरह से शामिल नहीं किया गया है। कहीं-कहीं सड़कों पर पानी छिड़कने या लोगों को घर या कार्यस्थल से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी जाती रही है। लू से बचाव के उपायों खासतौर से खाली पेट नहीं रहने और तरल पदार्थ का अधिक से अधिक सेवन करने की सलाह दी जाती है।

> *"छायादार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई में हमने कोई कमी नहीं छोड़ी तो दूसरी ओर चाहे गांव हो या शहर आंख बंदकर कंक्रीट का जंगल खड़ा करते रहे और उसका दुष्परिणाम सामने हैं। जल संग्रहण के परंपरागत स्रोतों को नष्ट करने में भी हमने कोई गुरेज नहीं किया। हमारे यहां मौसम के अनुसार खान-पान की समृद्ध परंपरा रही है, पर उसे आज भुला दिया गया है।"*

1850 के बाद 2023 का साल सबसे गर्म साल रहा है पर जिस तरह से तापमान दिन प्रतिदिन बढ़ते हुए जन जीवन को प्रभावित कर रहा है उससे साफ हो जाता है कि 1850 के बाद 2023 नहीं बल्कि अब तो 2024 सबसे गर्म साल रहने वाला है। समूचा उत्तरी, पश्चिमी, मध्य और पूर्वी भारत हीटवेव के चपेट में आ गया है। देश की राजधानी दिल्ली के साथ ही राजस्थान, हरियाणा, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, उत्तर प्रदेश, विदर्भ आदि गंभीर हीटवेव से प्रभावित इलाके हैं। राजस्थान के चूरू और फलौदी आदि का पारा तो 50 के आसपास ही चल रहा है। पानी, बिजली और हीटवेव के कारण बीमारी के हालात गंभीर होते जा रहे हैं। इतनी तेज गर्मी में पेयजल की उपलब्धता, बिजली की आपूर्ति व ट्रिपिंग की समस्या से निजात पाना मुश्किल हो रहा है।

इस समय हीटवेव के कारण जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त होने के साथ ही सड़कों पर कर्फ्यू जैसे हालात हो रहे हैं। असली समस्या तो सरकार के सामने पानी, बिजली और हीटवेव से प्रभावित लोगों को तत्काल इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करना है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बावजूद सभी प्रदेशों की सरकारें बेहतर प्रबंधन कर रही हैं। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा 29 मई को जहां स्वयं भरी दोपहरी सिर पर गमछा लपेट राजस्थान की राजधानी जयपुर में पेयजल व्यवस्था को देखने निकल पड़े तो निश्चित रूप से प्रशासन और आमजन में एक संदेश गया है। वहीं प्रदेश के सभी जिलों में 28 व 29 मई को दो दिन के लिए सभी प्रभारी सचिवों को प्रभार वाले जिलों में जाकर पानी, बिजली, दवा, इलाज आदि की व्यवस्थाओं का जायजा लेने भेजकर साफ संकेत दे दिए हैं। गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि जहां दो दिन तक सरकार के वरिष्ठ अधिकारी इस गर्मी के मौसम में अपने कार्यालयों से निकल कर जिलों में स्थानीय प्रशासन व जिले के अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे हैं। वहीं आपदा के इस दौर में आवश्यक दिशा-निर्देश देकर लोगों को राहत पहुंचाने में जुट गए हैं। बात यहीं समाप्त नहीं हो जाती, क्योंकि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और मुख्य सचिव सुधांश पंत स्वयं प्रभारी सचिवों व जिला कलेक्टरों सहित अधिकारियों से 31 मई को संवाद कायम कर फीड बैक लेने के साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे। राजस्थान तो एक उदाहरण है पर कमोबेस इस तरह के प्रयास हीटवेव से प्रभावित अन्य राज्यों में भी किए जा रहे होंगे, इससे इंकार नहीं किया जा सकता।

सामान्यतः एक मार्च से लेकर 21 जून तक सूर्य देव धरती के नजदीक होते हैं। देशी पंचाग के अनुसार नौतपा चल रहा है और माना जाता है कि इन नौ दिनों तक गर्मी का असर कुछ अधिक ही रहता है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के प्रमुख मृत्युजंय महापात्र के अनुसार आने वाले दिनों में पश्चिमी विक्षोभ और अरब सागर में नमी के कारण गर्मी से राहत मिलने के आसार अवश्य हैं। पर सवाल यह है कि इस भीषण लू या यों कहें कि हीटवेव के लिए बहुत कुछ हम भी जिम्मेदार हैं। आज शहरी करण और विकास के नाम पर प्रकृति को विकृत करने में हमने कोई कमी नहीं छोड़ी है। पेड़ों की खासतौर से छायादार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई में हमने कोई कमी नहीं छोड़ी तो दूसरी ओर चाहे गांव हो या शहर आंख मींचकर कंक्रीट का जंगल खड़ा करते रहे और उसका दुष्परिणाम सामने हैं। जल संग्रहण के परंपरागत स्त्रोतों को नष्ट करने में भी हमने कोई गुरेज नहीं किया। हमारे यहां मौसम के अनुसार खान-पान की समृद्ध परंपरा रही है पर उसे आज भुला दिया गया है। मौसम विज्ञानियों का मानना है कि पहले समुद्र में तापमान बढ़ने के साथ ही आंधी तूफान का माहौल बन जाता था और बरसात होने से लोगों को तात्कालिक राहत मिल जाती थी, पर आज तो समुद्र का तापमान बढ़ने के बावजूद हीटवेव का असर ही अधिक हो रहा है।

ऐसे में अब तात्कालिक व दीर्घकालिक योजनाएं बनाकर भविष्य की रूपरेखा तय करनी होगी, क्योंकि यह तो साफ हो चुका है कि प्रकृति का हमने इतना दोहन कर लिया है कि हालात निकट भविष्य में सुधरेंगे ऐसा लगता नहीं है। अब सुविधाओं और प्रकृति के बीच सामंजस्य की ओर ध्यान देना होगा नहीं तो आने वाले साल और अधिक चुनौती भरे होंगे। कंक्रीट के जंगलों से लेकर हमारे दैनिक उपयोग के अधिकांश साधन तापमान को बढ़ाने वाले ही हैं। इस चुनौती से निपटना ही होगा। अब सम्मेलनों के प्रस्तावों से आगे बढ़कर क्रियान्वयन पर जोर देना होगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



---

**व्यंग्य**

# गोल-गप्पे: जी ललचाए रहा न जाए



सुनील कुमार महला
व्यंग्यकार

गोलगप्पे का नाम सुनते ही हर किसी के मुंह से पानी आ जाता है, बच्चों से लेकर बूढ़ों तक विशेषकर लड़कियों और महिलाओं के लिए यह शायद सबसे पसंदीदा स्ट्रीट फूड्स में से एक है। अंग्रेजी में वाटर बाल्स, कहीं गुप-चुप, कहीं पुचका तो कहीं फुचका, कहीं पानी के पताशे या बताशे, कहीं फुल्की, कहीं पड़ाका तो कहीं पताशी, तो कहीं पकौड़ी तो कहीं टिक्की कहलाने वाले गोल-गप्पों की बात ही कुछ और है। गोल गप्पे गोल ही होते हैं, गोल गप्पे बनाते समय अगर न फूले तो भी बेकार नहीं जाते, इनकी पापड़ी बन जाती है,जिनका खूब इस्तेमाल होता है। कोई भी मौसम हो,गोल कुरकरी पूड़ी के अंदर आलू, प्याज और काले चने के चटपटे और तीखे मसाले वाले इस स्ट्रीट फूड के सभी दीवाने हैं। इमली का खट्टा-मीठा पानी, अमचूर, पुदीने, लहसुन, हींग तड़का पानी, नींबू, हाजमा हजम और जलजीरे का पानी लोग चटखारे ले-लेकर पीते हैं। यहां तक कि गरीब से गरीब व्यक्ति से लेकर बड़ी-बड़ी हस्तियां, फिल्म स्टार, सेलिब्रिटी तक गोल गप्पे खिलाने वालों के समक्ष कटोरी (दोना) पकड़ कर खड़े हो जाते हैं।

अजी! गोल गप्पों का लुत्फ ही ऐसा होता है जो छोटे से छोटे और बड़े से बड़े लोगों को हाथों में दोने(कटोरी) पकड़ कर रखने को मजबूर कर देता है। दरअसल, गोल-गप्पे चीज ही ऐसी है कि कोई भी यह गा सकता है कि -'पल-पल ना माने हमरा जिया , हां हमरा जिया, गोल-गप्पो के लिए तरसे तुमरा-हमरा जिया...!' खैर, गोल-गप्पों की भी एक अलग अजीब दुनिया है। छोटे-छोटे बच्चे, विशेषकर लड़कियां जिनके मुंह भी छोटे छोटे होते हैं, गोल-गप्पे खिलाने वाले भैया से बड़े-बड़े गोल-गप्पे खिलाने की डिमांड करते हैं, भले ही गोल-गप्पे उनके मुंह में न आएं। सूखे गोल-गप्पे मांगने वालों की अपनी एक अलग से बिसात है। दस रूपए के तीन-पांच गोल-गप्पे खाएंगे, लेकिन उनके साथ डिमांड दो फ्री के सूखे गोल-गप्पों को खाने की जरूर करेंगे। हमारे देश में लोग रेहड़ी और ठेले वालों से फ्री में एक दिन में इतने सूखे गोल-गप्पे खा जाते हैं, जिससे पाकिस्तान व विश्व में किसी अन्य छोटे-मोटे देश की 'खाद्य समस्या' तक हल हो सकती है। हम तो कहते हैं कि ऐसे 'भुक्खड़' लोगों से गोल-गप्पे खिलाने वाले लोगों को टैक्स वसूल करना चाहिए।

वैसे कुछ गोल गप्पे वाले भैया तो गोल गप्पों में पानी में फिल्टर्ड ही यूज करते हैं लेकिन रामलुभाया जी कहते हैं कि जो मजा अनफिल्टर्ड पानी में है, वह फिल्टर्ड पानी में कहां। अजी! गोल गप्पों का जादू है ही ऐसा। जी ललचाए रहा न जाए। और तो और करवा चौथ की रात को तो महिलाएं अपना व्रत ही पानी वाले गोल गप्पे खाकर ही खोलती हैं।

हम स्वयं भी गोल गप्पे खाने के बड़े शौकीन हैं लेकिन हमें भी कोई दस्ताने पहनकर गोल गप्पे खिलाते हैं तो हम गोल-गप्पे खिलाने वाले भैया को साफ-साफ कह देते हैं कि हमें दस्ताने उतार कर ही गोल गप्पे खिलाना। वो क्या है कि दस्ताने पहनने पर गोल गप्पों में न तो मसाला ठीक से भरा जाता है और न ही जल्दी जल्दी गोल गप्पे खाने को मिल पाते हैं, वो क्या है कि यदि कोई हमें यह कहें कि रसगुल्ले को पालीथिन में बांधकर खाएं तो रसगुल्ले का स्वाद लिया जा सकता है भला। हमें तो नंगे हाथों से ही गोल गप्पे खाने का शौक है, दुनिया भले ही हमें कुछ भी कहें, हमें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। तो बात कुछ यूं है कि हम नुक्कड़ पर लगी रामलुभाया जी की रेहड़ी पर गोल गप्पे के चटखारे लेने जा रहे हैं, आपको भी यदि चलना है तो बताइएगा ज़रूर। हम आपको फ्री में गोल गप्पे खिलायेंगे। अजी ! ज़रा मुस्कुरा दीजिए। ज्यादा सीरियस मत होइए। बुरा न मानें। हंसिए और हंसाइए। हंसना ही जिंदगी है। गुस्ताख़ी माफ। जय राम जी की।

---

## नॉलेज कॉर्नर: विद्युत उपकरणों का रखरखाव जरूरी

# एसी को फटने से बचाएंगी ये सावधानियां!

देश में गर्मी इन दिनों अपने पूरे सबाब पर है। इससे लोगों का बुरा हाल हो गया है। देश में कई जगहों पर तो तापमान 50 के पार तक पहुंच रहा है। ऐसे में बंद कमरों में एसी की हवा लोगों को राहत देने का काम कर रही है। हालांकि आजकल एसी में आग लगने की खबरों से लोग काफी डरे हुए हैं। हाल ही में नोएडा की लोटस बुलेवार्ड सोसाइटी से एसी फटने की खबर आई। इसी तरह देश के अन्य स्थानों से एसी के फटने के अब तक 10 से 12 एसी फटने की सूचनाएं सुनने को मिल चुकी हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर गर्मी में एसी क्यों फट रहे हैं और ब्लास्ट से बचने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं। इन्हीं सब सवालों के जवाब जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### इसलिए फटते हैं एसी

देश में अमूमन एसी के कंडेंसर का तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक तय होता है। मगर जब एम्बिएंस का तापमान कन्डेंसर के तापमान से अधिक हो जाता है, तब एसी काम करना बंद कर देता है। ऐसे हालात में एसी के कंडेंसर पर प्रेशर बढ़ता है और कन्डेंसर के फटने की संभावना बढ़ जाती हैं। विशेषज्ञों की मानें तो वोल्टेज फ्लक्चुएशन के साथ वोल्टेज कम होने पर कंप्रेसर पर अधिक दबाव पड़ता है। इससे कंप्रेसर के साथ अन्य उपकरण पर अधिक दबाव पड़ने पर वह जरूरत से अधिक गर्म हो जाते हैं, जिससे आग लगने की संभावना बढ़ती है। एसी के कंडेसर और इसके बाहर हवा निकलने वाली जगह पर अवरोध पैदा होने पर भी एसी की गर्मी बाहर नहीं निकल पाती है। इससे ब्लास्ट होने का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा, भीषण गर्मी में एसी का रखरखाव अच्छी तरह से ना करने पर भी एसी में आग लगने की घटनाएं बढ़ सकती हैं।



### बचाव के लिए ये उपाय जरूरी

- घर हो या दफ्तर एसी की वायरिंग कराते समय हमेशा ब्रांडेड वायर डलवाएं।
- बिना स्टैबलाइजर के एसी नहीं चलाएं।
- एसी के अंदर कंडेंसर पर गंदगी, धूल की परत ना जमा होने दें।
- एसी का कम्प्रेशर किसी छांव वाली जगह पर लगवाएं।
- गर्मी की शुरुआत में ही एसी की सर्विस जरूर कराएं।
- अगर एसी से किसी तरह की आवाज आए या स्पार्क करे तो तुरंत जांच कराएं।
- एसी को लगातार न चलाएं
- कोशिश करें कि 5-6 घंटे एसी चलाने के बाद उसे कुछ देर बंद कर दें।

### शेड से भी हो सकता है बचाव

*अगर आपके पास स्प्लिट एसी है और उसके आउटडोर यूनिट पर डायरेक्ट धूप पड़ती है तो इसके वजह से भी कंप्रेसर ठंडा नहीं कर पाता है तो आपको करना ये होगा कि इसके आउटडोर यूनिट पर शेड लगा दीजिए। बताया गया है कि ऐसा करने से एसी कंप्रेसर पर 5-6 डिग्री तक कम असर पड़ता है।*

कंटेंट: बजरंगलाल बुनकर

---



**राज्यवर्धन सिंह राठौड़,** मंत्री राजस्थान
@Ra_THORe
कौशल विकास समृद्धि का संसाधन है। मोदी सरकार में नारी शक्ति के हुनर को मिल रही नई पहचान, जिंदगी हुई आसान।



**जया किशोरी,** कथावाचक
@iamjayakishori
जा पर कृपा राम की होई।
ता पर कृपा करहू सब कोई।।

**कर्नाटक में फिर गरमाई सियासत: उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार का आरोप**

# कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने के लिए किया जा रहा है यज्ञ-काला जादू

**एजेंसी** | बेंगलुरु

देश में लोकसभा चुनावों को लेकर जारी सियासी घमासान के बीच कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके. शिवकुमार राजनीतिक विरोधियों पर काला जादू करवाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनके पास विश्वसनीय जानकारी है कि केरल में राजराजेश्वरी मंदिर के पास सुनसान जगह पर अघोरियों द्वारा यज्ञ किया जा रहा है। उन्होंने कहा, मेरे और मुख्यमंत्री सिद्दारमैया के खिलाफ तथा कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने के लिए यह अनुष्ठान किया जा रहा है। इस अनुष्ठान को 'राजा कंटक' और 'मारण मोहन स्तम्भन' यज्ञ कहा जाता है। शिवकुमार ने बताया कि अनुष्ठान में भाग लेने वालों ने इस घटनाक्रम की जानकारी दी है। शिवकुमार ने प्रेसवार्ता में ये बातें कही। उन्होंने अपनी कलाई पर बंधे एक पवित्र धागे के बारे में जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने बुरी नजर से बचने के लिए यह पहना है। हमें विश्वास है कि भगवान और लोगों का आशीर्वाद हमारी रक्षा करेगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने



कहा, मुझे पता है कि यह अनुष्ठान कौन कर रहा है। मुझे कोई परेशानी नहीं है। जिस शक्ति पर मैं विश्वास करता हूं, वह मेरी रक्षा करेगी। जब

### विधायकों की बैठक कल

शिवकुमार ने बताया कि दो जून को बेंगलुरु में विधायकों की बैठक होगी। उन्होंने कहा कि बैठक में पार्टी के मामलों और एमएलसी चुनाव पर चर्चा होगी।

उनसे इस तरह के अनुष्ठान करने वाले व्यक्तियों के नाम बताने के लिए कहा गया, तो शिवकुमार ने कहा कि मीडिया को उन पर नाम बताने के लिए दबाव डालने के बजाय जांच करनी चाहिए।

### दी जा रही है जानवरों की बलि

उन्होंने आगे कहा कि राजराजेश्वरी मंदिर के पास शत्रु भैरवी यज्ञ शत्रु संहार (शत्रुओं के विनाश) के लिए किया जा रहा है। इसके लिए जानवरों की बलि दी जा रही है। बिना नाम लिए उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कर्नाटक में कुछ राजनीतिक लोग इसे करवा रहे हैं। राज्य सरकार के खिलाफ यह अनुष्ठान अगर राजनीतिक लोग नहीं करेंगे तो और कौन करेगा? राजराजेश्वरी मंदिर के पास जाकर देखिए आपको पता चल जाएगा। जब उनसे पीएम मोदी के ध्यान के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री का निदी मामला है।

### लोगों की भावनाओं पर करें गौर

डीके शिवकुमार ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की पूजा और आध्यात्मिकता की व्याख्या के प्रति अपना अनूठा दृष्टिकोण होता है। जनता के बीच लगातार चर्चा चल रही है, आइए हम लोगों की व्यक्त की गई भावनाओं पर गौर करें। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा घर से निकलने से पहले भगवान से प्रार्थना करता हूं। उन्होंने कहा, मैं आपको आश्वस्त कर सकता हूं कि अन्य सभी से ऊपर, सर्वशक्तिमान हैं। मुझे उन पर अटूट विश्वास है। जब तक मुझ पर उनकी दिव्य कृपा है, तब तक कोई भी मुझे नुकसान नहीं पहुंचा सकता।

---

## यूपी: चुनाव ड्यूटी से गायब पांच कर्मचारी सस्पेंड



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मतगणना से पहले बड़ी कार्रवाई हुई है। चुनाव ड्यूटी से गायब रहने वाले पांच कर्मचारियों को निलंबित, जबकि तीन शिक्षामित्रों की बर्खास्त कर दिया गया। कार्रवाई जिला निर्वाचन अधिकारी की संस्तुति पर की गई। प्रभारी अधिकारी कार्मिक चंद्रशेखर शुक्ला के मुताबिक चुनाव में मतदान कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई थी। सभी कार्मिकों को 19 मई को संबंधित केंद्र रवाना किया जाना था लेकिन ये नहीं पहुंचे। संबंधित शिक्षामित्रों की संविदा समाप्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

## लोकसभा उम्मीदवार की याचिका पर सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक निर्दलीय उम्मीदवार की याचिका सुनने से इनकार कर दिया। इस याचिका में निर्दलीय उम्मीदवार ने लोकसभा चुनाव में अपने नामांकन खारिज करने के फैसले को चुनौती दी थी। निर्दलीय उम्मीदवार अभिषेक डांगी के जहानाबाद लोकसभा सीट से नामांकन को रिटर्निंग अधिकारी ने तकनीकी आधार पर खारिज कर दिया था। जिसके खिलाफ उम्मीदवार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस अरविंद कुमार की अवकाशकालीन पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील को पटना हाईकोर्ट की खंडपीठ के सामने याचिका दायर करने को कहा। दरअसल पटना हाईकोर्ट की एकल जज वाली पीठ ने याचिकाकर्ता की याचिका को खारिज कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता के वकील हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ चुनाव याचिका भी दायर कर सकते हैं।

---

**कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कही दिल की बात...**

# पीएम पद के लिए राहुल मेरी पसंद... प्रियंका को लड़ना चाहिए था चुनाव

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि अगर पार्टी के नेतृत्व वाला विपक्षी गठबंधन इंडिया इस आम चुनाव में भाजपा को हरा देता है तो राहुल गांधी को नरेंद्र मोदी के बाद देश का प्रधानमंत्री बनाया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने प्रियंका गांधी वाड्रा के चुनावी मैदान में उतरने पर जोर दिया था। हालांकि प्रियंका नहीं मानीं। ज्ञात रहे कि प्रियंका के रायबरेली जैसे पारिवारिक गढ़ से चुनाव लड़ने की चर्चा थी। लेकिन अंत में उनके भाई राहुल गांधी को पार्टी वहां से चुनाव मैदान में उतारा। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने इस बार चुनाव मैदान में नहीं उतरी।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार खरगे ने एक समाचार चैनल से बातचीत में कहा कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री पद के लिए एक लोकप्रिय विकल्प होंगे। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री पद के लिए राहुल गांधी मेरी पसंद हैं... वह मेरी पसंद हैं ही और वह युवाओं व पूरे देश का प्रतिनिधित्व करते हैं। बता दें कि इससे पहले कई मौकों पर खरगे ने राहुल गांधी के प्रधानमंत्री पद की पसंद को लेकर पूछे गए सवालों को टाल



दिया था। हालांकि खरगे ने फिर से अपने पुराने रुख को दोहराते हुए कहा कि नया प्रधानमंत्री तभी चुना जा सकता है जब इंडिया ब्लॉक जीतेगा और उम्मीदवार सर्वसम्मति से चुना जाएगा।

### कांग्रेस 100 का आंकड़ा करेगी पार

खरगे ने कहा कि कांग्रेस इस बार 100 सीटों का आंकड़ा पार कर रही है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस इस चुनाव में 128 सीटें जीतेगी। उन्होने यह भी कहा कि हम भाजपा को सत्ता में आने से रोक देंगे और गठबंधन की सरकार बनेगी। खरगे ने पीएम मोदी के महात्मा गांधी को लेकर दिए बयान पर निशाना साधते हुए कहा कि पीएम मोदी गुजरात से हैं। अगर गुजरात का कोई व्यक्ति गांधी जी के बारे में नहीं जानता है और उनका प्रचार भी नहीं करता है, तो मैं क्या कह सकता हूं? आरएसएस का सदस्य होने के नाते आपने अपनी विचारधारा और सिद्धांतों का प्रचार किया, मगर आपने महात्मा गांधी के लिए कुछ नहीं किया। खरगे ने सवाल उठाया कि आपने बीते 23 बरसों में क्या किया है? जब आप 13 साल तक गुजरात के सीएम थे और अब पीएम हैं? उन्होंने कहा कि आपको गोडसे अच्छा लगता, लेकिन महात्मा गांधी नहीं।

### राहुल को अभियान प्रबंधक के रूप में थी जरूरत



प्रियंका गांधी वाड्रा के चुनावी पदार्पण पर खरगे ने कहा, मैं चाहता था कि प्रियंका चुनाव लड़ें, लेकिन राहुल को अपने अभियान प्रबंधक के रूप में किसी की जरूरत थी, क्योंकि वह भी पूरे देश में प्रचार कर रहे थे। कांग्रेस अध्यक्ष ने पिछले महीने दोनों से चुनाव लड़ने का आग्रह किया था, लेकिन कहा था कि वह इस बात का निर्णय भाई-बहन पर ही छोड़ेंगे।

### इंडिया गठबंधन को मिलेगा पूर्ण बहुमत

इससे पहले खरगे ने गुरुवार को संवाददाताओं से बातचीत में कहा था कि देश की जनता चार जून को वैकल्पिक सरकार का जनादेश देगी और 'इंडिया' गठबंधन पूर्ण बहुमत हासिल करते हुए देश को एक समावेशी और राष्ट्रवादी सरकार देगा। उन्होंने संवाददाताओं से यह भी कहा कि जीत के बाद 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों से बातचीत के आधार पर प्रधानमंत्री का फैसला होगा।

### नौ राज्यों से आएंगे चौंकाने वाले परिणाम

कांग्रेस पार्टी ने शुक्रवार को फिर से अपनी जीत का लेकर बड़ा दावा किया और कहा है कि उसे स्पष्ट और निर्णायक जनादेश मिल रहा है। चार जून को नतीजों के आने के बाद सब साफ हो जाएगा। पार्टी ने उत्तर प्रदेश, बिहार और महाराष्ट्र सहित नौ राज्यों से चौंकाने वाला परिणाम मिलने का भी दावा किया है। कांग्रेस पार्टी के संचार महासचिव जयराम रमेश ने शुक्रवार को पत्रकारों से चर्चा में यह दावा किया और कहा कि वह यह दावा प्रचार के दौरान जनता के रुझान और मुद्दों से जुड़ाव को देखने के बाद कर रहे है। उन्होंने कहा कि राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, बिहार, तेलंगाना, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, हरियाणा और असम जैसे राज्यों में पार्टी और गठबंधन के सहयोगी बेहतर प्रदर्शन कर रहे है। 2019 में इन राज्यों में लगभग साफ हो गए थे, पर इस बार चौंकाने वाले परिणाम मिलेंगे। पंजाब में भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

---

**दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल कल तिहाड़ जेल में करेंगे सरेंडर...कहा-**

# झुकुंगा नहीं... मेरे प्राण चले जाएं तो भी गम मत करना

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि वह दो जून को आत्मसमर्पण करेंगे और अगर जेल में उन्हें प्रताड़ित किया गया तब भी वह झुकेंगे नहीं। इस दौरान केजरीवाल ने कहा कि यदि मेरे प्राण भी चले जाएं तो गम मत करना। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को उच्चतम न्यायालय ने लोकसभा चुनावों में प्रचार के लिए एक जून तक अंतरिम जमानत प्रदान की थी। जेल से रिहा होने के बाद केजरीवाल ने उत्तर प्रदेश, पंजाब, दिल्ली और महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार किया था। सीएम



केजरीवाल ने संवाददाताओं को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा, मुझे दो जून को आत्मसमर्पण करना है और मुझे नहीं पता कि इस बार मैं कितने दिन जेल में रहूंगा। मैं इस देश को तानाशाही से बचाने के लिए जेल जा रहा हूं और मुझे इस पर गर्व है। केजरीवाल ने कहा कि वह रविवार अपराह्न करीब तीन बजे अपने आवास से रवाना होकर तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण करेंगे। केजरीवाल ने कहा, जेल वापस जाने के बाद मुझे आपकी (लोगों की) चिंता होगी। केजरीवाल ने कहा, उन्होंने मुझे (मनोबल) तोड़ने की कोशिश की। जब मैं जेल में था तब मेरी दवाई रोक दी गई। गिरफ्तार किए जाने के बाद मेरा वजन छह किलोग्राम कम हो गया। जब मुझे गिरफ्तार किया गया तो मेरा वजन 70 किलोग्राम था। जेल से बाहर आने के बाद भी मेरा वजन नहीं बढ़ा। चिकित्सकों ने कई टेस्ट कराने की सलाह दी है। उन्हें लगता है कि यह किसी बीमारी का संकेत हो सकता है।

### दिल्लीवासियों की सेवाएं बंद नहीं होंगी

केजरीवाल ने कहा, मैं आपको (दिल्ली के लोग) आश्वस्त करना चाहता हूं कि आपकी सेवाएं बंद नहीं होंगी। मैं जल्द ही अपनी माताओं और बहनों को एक हजार रुपए देना शुरू करूंगा। केजरीवाल महिलाओं के लिए 1,000 रुपए महीना सम्मान राशि देने की योजना का जिक्र कर रहे थे। केजरीवाल ने लोगों से उनकी मां के लिए प्रार्थना करने को भी कहा। केजरीवाल की मां फिलहाल अस्वस्थ हैं।

---

**लोकसभा चुनाव**

# एग्जिट पोल की चर्चा में शामिल नहीं होंगे कांग्रेस प्रवक्ता

**एजेंसी** | नई दिल्ली



कांग्रेस सातवें चरण में मतदान समाप्त होने के बाद अलग-अलग टीवी चैनलों, सोशल और डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर होने वाले एग्जिट पोल चर्चा में शामिल नहीं होने का फैसला लिया है। पार्टी की ओर से शुक्रवार को कहा गया कि वह 1 जून को एग्जिट पोल से संबंधित चर्चाओं में भाग नहीं लेगी, क्योंकि पार्टी टीआरपी के खेल का हिस्सा नहीं बनना चाहती। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने संक्षिप्त बयान में यह भी कहा कि कांग्रेस 4 जून से चर्चाओं में भाग लेगी। पवन खेड़ा ने कहा, मतदाताओं ने अपना मत दे दिया है और मतदान के परिणाम मशीनों में बंद हो चुके हैं। 4 जून को नतीजे सबके सामने होंगे। कांग्रेस की नजरों में परिणाम घोषित होने से पहले किसी भी तरह के सार्वजनिक अनुमान लगाकर घमासान में भाग लेकर टीआरपी के खेल का कोई औचित्य नहीं है। खेड़ा ने कहा कि किसी भी बहस का मकसद दर्शकों का ज्ञानवर्धन करना होता है। कांग्रेस पार्टी 4 जून से चर्चा में फिर से सहर्ष भाग लेगी। मालूम हो कि लोकसभा चुनाव के 7वें और अंतिम चरण का मतदान शनिवार को संपन्न होगा। मतगणना 4 जून को होगी।

### चुनाव आयोग ने दिए एग्जिट पोल को लेकर निर्देश

चुनाव आयोग ने इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट और दूसरे सभी तरह के प्रचार माध्यमों को खास निर्देश दिया है। इसमें कहा गया कि वे शनिवार को लोकसभा चुनाव के 7वें और अंतिम चरण के मतदान के समाप्त होने के बाद ही एग्जिट पोल का प्रचार या प्रसार कर सकते हैं। आयोग ने 18वीं लोकसभा के चुनाव और 4 राज्यों के विधानसभा चुनावों के संबंध में गत मार्च में जारी अधिसूचना का हवाला दिया। आयोग ने कहा कि शनिवार को शाम 6:30 बजे तक सभी तरह के एग्जिट पोल के प्रचार प्रसार पर रोक रहेगी।

## BJP के जादुई आंकड़ा न छूने के यादव के अनुमान पर थरूर खुश

**एजेंसी** | नई दिल्ली

चुनाव विश्लेषक योगेंद्र यादव ने एक बार फिर से भाजपा को लेकर भविष्यवाणी की है। उन्होंने कहा कि भाजपा इस बार सरकार बनाने के जादुई आंकड़े 272 तक नहीं पहुंच पाएगी। उनके इस अनुमान पर कांग्रेस नेता शशि थरूर ने प्रसन्नता जताई है। उन्होंने योगेंद्र यादव के इस आकलन पर कहा कि यह बेहद आकर्षक और उत्साह बढ़ाने वाला है। थरूर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यादव कहते हैं कि उन्हें उम्मीद है कि भाजपा को छोड़कर एनडीए में शामिल बाकी पार्टियां सिर्फ 35 से 40 सीटों पर जीत हासिल कर पाएंगी। यानी भाजपा 230 के आंकड़े के नीचे रहती है तो, वह एनडीए के बाकी हिस्सों के समर्थन के साथ भी 272 के बहुमत के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाएगी। दरअसल, योगेंद्र यादव ने एक साक्षात्कार में भाजपा के 400 पार के नारे पर कमेंट करते हुए कहा था कि भगवा पार्टी इस बार के लोकसभा चुनाव में 250 के आंकड़े को पार नहीं कर पाएगी और हो सकता है कि वह 230 तक ही सिमट के रह जाए। उन्होंने इसके पीछे एंटी-इंकम्बेंसी फैक्टर को माना था। इस पर कांग्रेस नेता शशि थरूर ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

---

**लोकसभा चुनाव: मतदान के बाद होगा मंथन**

# विपक्षी गठबंधन की बैठक आज, पीएम फेस समेत कई मुद्दों पर चर्चा संभव

■ तेजस्वी यादव बैठक में शामिल होने पहुंचे दिल्ली, ममता के शामिल होने के आसार नहीं

**एजेंसी** | नई दिल्ली/पटना

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के मतदान के दिन यानी एक जून को विपक्षी गठबंधन इंडिया की बैठक होगी। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव बैठक में शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंच भी गए हैं। दूसरी ओर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी पहले ही यह संकेत दे चुकी हैं कि वह एक जून को होने वाली गठबंधन की बैठक में हिस्सा नहीं लेंगी क्योंकि इस दिन उनके राज्य में मतदान होना है। सूत्रों के अनुसार बैठक में लोकसभा चुनावों के 4 जून को घोषित होने वाले नतीजों में इंडिया गठबंधन को बहुमत मिलने की स्थिति में प्रधानमंत्री पद के लिए चुनाव समेत विभिन्न मसलों पर विचार किए जाने की संभावना है। लेकिन इस बैठक में पीएम फेस जैसे अहम मसले पर कोई ठोस फैसले के आसार कम हैं। क्योंकि गठबंधन में शामिल सभी दलों के नेताओं के बैठक में शामिल होने के आसार कम हैं। ज्ञात रहे कि इंडिया गठबंधन ने अभी तक पीएम फेस तय नहीं किया है जबकि एनडीए ने तीसरी बार भी पीएम नरेंद्र



फाइल फोटो

मोदी की अगुआई में चुनाव लड़ा है और उसने 400 पार का नारा दिया है। कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश हाल ही में कहा था कि लोकसभा चुनाव में सर्वाधिक सीटों के साथ जीत हासिल करने वाले दल के नेता को ही सरकार बनाने का मौका दिया जाएगा। ज्ञात रहे कि कांग्रेस ने इस बार लोकसभा चुनाव में 243 उम्मीदवार उतारे हैं। विपक्षी गठबंधन में सर्वाधिक सीटों पर लड़ने वाली कांग्रेस ही है। कांग्रेस को 2014 में 44 सीटें मिली थीं और 2019 में 52 सीटों से आगे नहीं बढ़ी। पिछले दो चुनावों में खराब प्रदर्शन के बवजूद कांग्रेस विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी रही। राहुल गांधी की न्याय यात्रा और 107 चुनावी रैलियों की मेहनत से उम्मीद की जा रही है कि कांग्रेस का प्रदर्शन पहले दो चुनावों से इस बार बेहतर होगा। गठबंधन में शामिल अन्य पार्टियां क्षेत्रीय दल हैं, जो कांग्रेस की चौथाई से भी कम सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं।

### इन नेताओं के बैठक में शामिल होने की उम्मीद

कांग्रेस की मेजबानी में होने वाली इस बैठक में शरद पवार से लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव, आरजेडी नेता तेजस्वी यादव, पीडीपी की नेता महबूबा मुफ्ती, नेशनल कॉफ्रेंस से फारूख अब्दुल्ला, डीएमके से तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन, जेएमएम से सीएम चंपई सोरेन, कल्पना सोरेन और आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल शामिल होंगे। शिवेसना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे देश से बाहर हैं, जिसके चलते उनकी जगह पर पार्टी का कोई प्रतिनिधि शिरकत करेगा। इसके अलावा इंडिया गठबंधन में शामिल अन्य नेता भी बैठक में हिस्सा लेंगे। कांग्रेस की तरफ से मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और केसी वेणुगोपाल उपस्थित रहेंगे।

### राहुल गांधी बनेंगे विपक्ष का प्रधानमंत्री चेहरा !

पीएम चेहरे के चयन के लिए जयराम रमेश ने जिस फार्मूले का संकेत दे दिया है, उस हिसाब से सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी होने के नाते कांग्रेस को ही सरकार बनाने का पहला मौका मिलेगा। कांग्रेस की पुरानी परिपाटी देख कर किसी के लिए यह अनुमान लगाना मुश्किल नहीं कि ऐसी स्थिति में कांग्रेस राहुल गांधी को ही अपना नेता बनाएगी। ममता बनर्जी के खरगे को पीएम फेस बनाने के प्रस्ताव और अरविंद केजरीवाल के समर्थन के बावजूद कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जिस शालीनता से इस सवाल को चुनाव बाद के लिए टाल दिया, उसके भी निहितार्थ यही संकेत देते हैं।

## जरूरी खबर

### मुक्केबाज निशांत ने ओलंपिक का कटाया टिकट

**बैंकाक।** निशांत देव (71 किग्रा) शुक्रवार को यहां मुक्केबाजी ओलंपिक क्वालीफायर्स के सेमीफाइनल में पहुंचकर ओलंपिक का कोटा प्राप्त करने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज बन गए। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता और पिछले क्वालीफायर्स में मामूली अंतर से ओलंपिक का टिकट कटाने से चुके निशांत ने क्वार्टर फाइनल में मोल्दोवा के वासिल सेबोटारी को 5-0 से हराकर कोटा प्राप्त किया।

अमित पंघाल (51 किग्रा) और सचिन सिवाच (57 किग्रा) भी अपने-अपने वर्ग में पेरिस कोटा के काफी करीब पहुंच गए हैं। पुरुषों के 71 किग्रा भार वर्ग में पांच कोटा स्थान दांव पर लगे थे और इस तरह से निशांत ने सेमीफाइनल में जगह बनाकर पेरिस ओलंपिक में अपना स्थान पक्का किया।

### TMC कार्यकर्ताओं पर बम फेंका, पांच घायल



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के मतदान से पहले दक्षिण 24 परगना जिले के भानगोर इलाके में हिंसा हुई है। दरअसल इंडियन सेक्युलर फ्रंट के समर्थकों ने टीएमसी कार्यकर्ताओं पर बम फेंक दिया। स्फोट से पांच टीएमसी कार्यकर्ता घायल हो गए हैं। पुलिस ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। हालांकि भानगोर से आईएसएफ विधायक नावेद सिद्दीकी ने आरोपों से इनकार किया है।

### IPL: जियोसिनेमा ने वॉच-टाइम से बनाया नया रिकॉर्ड




**मुंबई।** जियोसिनेमा ने टाटा आईपीएल 2024 के दौरान शानदार प्रदर्शन करते हुए 2,600 करोड़ व्यूज और 35,000 करोड़ मिनट वॉच-टाइम के साथ नया रिकॉर्ड बनाया है। आईपीएल 2023 की तुलना में 53 फीसदी की वृद्धि दर्ज करते हुए इस साल जियोसिनेमा की पहुंच 38 प्रतिशत बढ़ी और 62 करोड़ से अधिक दर्शकों तक पहुंची। कनेक्टेड टीवी दर्शकों में भी भारी वृद्धि हुई, जहां 12 भाषाओं में फीड, 4के व्यूइंग, मल्टी-कैम व्यू और एआर, वीआर, 360-डिग्री व्यूइंग जैसे फीचर्स ने दर्शकों को स्टेडियम जैसा अनुभव प्रदान किया। औसत व्यूइंग टाइम भी 60 मिनट से बढ़कर 75 मिनट हो गया।

## लोकसभा चुनाव का अंतिम चरण... मतदान की तैयारी






*नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के लिए 1 जून को आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 57 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। इसके लिए मतदान दलों को ईवीएम व अन्य चुनाव सामग्री प्रदान कर संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों के मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। चित्रों में पश्चिम बंगाल के बारासात में चुनाव सामग्री प्राप्त करते मतदान अधिकारी और पंजाब के अमृतसर में एक केंद्र से चुनाव सामग्री लेकर मतदान केंद्र के लिए जाती मतदान अधिकारी।*

### आरोपी के पिता और दादा न्यायिक हिरासत में



**पुणे।** पुणे की एक स्थानीय अदालत ने शुक्रवार को पोर्श दुर्घटना मामले में आरोपी नाबालिग के पिता और दादा को उनके चालक के अपहरण और गलत तरीके से बंधक बनाने में उनकी भूमिका के लिए 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। 19 मई को पुणे के कल्याणी नगर इलाके में लग्जरी कार ने दोपहिया वाहन को टक्कर मारी थी। इस दुर्घटना में दो सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की मौत हो गई थी। आरोप है कि कार चालक रियल एस्टेट डेवलपर विशाल अग्रवाल का बेटा है। आरोप था कि विशाल अग्रवाल और उनके पिता ने अपने ड्राइवर को दुर्घटना का दोष अपने ऊपर लेने की धमकी दी। यही नहीं उसका अपहरण भी कर लिया।

## विवेकानंद रॉक मेमोरियल के पास ध्यान मंडपम में हैं पीएम मोदी

# 45 घंटे का मौनव्रत... सूर्य को अर्घ्य दिया... मौन साधना जारी

**एजेंसी** | नई दिल्ली/ चेन्नई

लोकसभा चुनाव के आखिरी यानी सातवें चरण के लिए मतदान से एक दिन पहले शुक्रवार को दूसरे दिन भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तमिलनाडु के कन्याकुमारी में 45 घंटे की मौन साधना जारी रही। पीएम मोदी ने शुक्रवार को कन्याकुमारी में विवेकानंद रॉक मेमोरियल के पास सूर्य देव को अर्घ्य दिया। उसके बाद ध्यान साधना शुरू कर दी। वहीं, विपक्ष ने इसे चुनावी हथकंडा बताया है और चुनाव आयोग से इसकी मीडिया कवरेज पर रोक लगाने की मांग भी की थी।

प्रशासन की ओर से भी उनकी सुरक्षा के पूरे इंतजाम किए गए हैं। प्रधानमंत्री की यह साधना 1 जून की शाम तक चलेगी। उनकी ध्यान साधना की मीडिया में कई तस्वीरें सामने आई हैं। तस्वीरों में पीएम मोदी भगवा कुर्ता और गमछे में दिख रहे हैं। वे स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के सामने बैठकर ध्यान कर रहे हैं। उनके हाथों में माला है।

भाजपा ने इससे जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया मंच पर साझा किया है। देखा जा सकता है कि पीएम मोदी ने सबसे पहले उगते हुए सूरज को जल चढ़ाया। उसके बाद हाथ जोड़कर प्रार्थना की और माला का जाप किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 45 घंटे के दौरान पीएम मोदी सिर्फ तरल आहार लेंगे। वो नारियल पानी व अंगूर के जूस का सेवन करेंगे। प्रधानमंत्री इस दौरान मौनव्रत का पालन करेंगे। वहीं, वो ध्यान कक्ष से बाहर नहीं आएंगे।

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

पीएम मोदी के इस आध्यात्मिक प्रवास को लेकर कन्याकुमारी में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उनकी सुरक्षा में 2000 हजार से ज्याद पुलिस के जवानों की तैनाती की गई है। कहा जा रहा है जितने समय तक पीएम मोदी विवेकानंद रॉक मेमोरियल पर रहेंगे तब तक किसी भी आम टूरिस्ट को वहां जाने की अनुमति नहीं होगी। पीएम मोदी की सुरक्षा में एनएसजी कमांडो की तैनाती भी किए जाने की खबर है। पीएम मोदी गुरुवार को कन्याकुमारी पहुंचे थे। प्रधानमंत्री धोती पहने दक्षिण भारत की पारंपरिक पोशाक में दिखे। इस ध्यान मंडपम की खास बात यह है कि यह वही स्थान है, जहां स्वामी विवेकानंद ने देश भ्रमण के बाद तीन दिनों तक ध्यान किया था। यहीं उन्होंने विकसित भारत का सपना देखा था। ऐसी मान्यता है कि इस स्थान पर देवी पार्वती ने एक पैर पर खड़े होकर साधना की थी। बता दें, आम चुनाव का प्रचार थमने के बाद पीएम मोदी हर बार आध्यात्मिक यात्रा पर जाते हैं और 2019 के चुनाव प्रचार के बाद वे केदारनाथ गए थे और साल 2014 में वे शिवाजी महाराज से संबंधित प्रतापगढ़ गए थे।

### खरगे ने कसा तंज, आस्था है तो अपने घर पर करें ध्यान

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री के कन्याकुमारी में साधना करने जाने को लेकर तंज कसते हुए कहा कि अगर आप में आस्था है तो आप अपने घर पर कीजिए। राजनीति और धर्म को एक साथ नहीं लाना चाहिए यह हमेशा अलग - अलग रखने चाहिए। खरगे ने कहा कि एक धर्म का आदमी आपके साथ हो सकता है दूसरे धर्म का नहीं यह गलत बात है। चुनावों के साथ धार्मिक भावनाएं नहीं जोड़नी चाहिए। प्रधानमंत्री कन्याकुमारी में अपने धार्मिक क्रियाकलाप करने गए हैं वहां पर कितने पुलिसवालों की ड्यूटी लगी होगी कितना पैसा खर्च हो रहा होगा? इस तरह का दिखावा करना देश के लिए हानिकारक ही होगा।



### अमित शाह ने तमिलनाडु के भैरवर मंदिर में की पूजा अर्चना

इस बीच, गृह मंत्री अमित शाह भी पूजा-अर्चना कर रहे हैं। वह पहले वाराणसी पहुंचे थे। इसके बाद पत्नी के साथ उन्होंने तमिलनाडु के तिरुमायम स्थित कोट्टई भैरवर मंदिर में पूजा अर्चना की। तमिलनाडु प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अन्नामलाई ने बताया कि उन्होंने संकल्प लिया था कि चुनाव समाप्त होने से पहले वह मंदिर जाएंगे और भैरवर का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

## OpenAI का दावा... AI का इस्तेमाल हुआ

# इजराइली कंपनी की लोस चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश

**एजेंसी** | नई दिल्ली

चैट जीपीटी को तैयार करने वाली कंपनी ओपनएआई (OpenAI) ने दावा किया है कि इजराइल की एक कंपनी ने भारत में लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश की। कंपनी कहा कि उसने भारतीय चुनावों पर केंद्रित गुप्त अभियानों में AI के भ्रामक इस्तेमाल को रोकने के लिए 24 घंटे के भीतर कार्रवाई की, जिसके चलते इसका इस्तेमाल करने वाले लोगों की संख्या में कोई खास वृद्धि नहीं हुई। ओपनएआई ने अपनी वेबसाइट पर रिपोर्ट में कहा कि इजराइल के पॉलिटिकल कैंपेन मैनेजमेंट फर्म एसटीओआईसी (STOIC) ने गाजा संघर्ष के साथ-साथ भारतीय चुनावों पर भी कुछ सामग्री तैयार की।

रिपोर्ट में कहा गया, मई में नेटवर्क ने भारत पर केंद्रित टिप्पणियां तैयार करना शुरू कर दिया, जिसमें सत्तारूढ़ भाजपा की आलोचना और विपक्षी कांग्रेस पार्टी की प्रशंसा की गई। हमने मई में भारतीय चुनावों से संबंधित कुछ गतिविधियों को शुरू होने के 24 घंटे से भी कम समय में बाधित कर दिया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इजराइली कंपनी एसटीओआईसी (STOIC) ने एआई की मदद से काल्पनिक यूजर और उनके सोशल मीडिया बायो बनाए। इन काल्पनिक व्यक्तियों के सोशल मीडिया हैंडल से अलग-अलग तरह की पोस्ट की गईं।



### कई सोशल मीडिया एकाउंट पर प्रतिबंध

ओपनएआई का कहना है कि इजराइल से संचालित किए जा रहे ऐसे कई सोशल मीडिया अकाउंट्स पर प्रतिबंध लगाया गया। फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स और यू-ट्यूब पर ये सभी अकाउंट तैयार किए गए थे। इन अकाउंट्स से भारत में लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने के लिए तरह तरह की गतिविधियां चलाई गईं।

## प्रज्वल रेवन्ना को छह दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की एक अदालत ने कई महिलाओं यौन उत्पीड़न और अश्लील वीडियो के आरोपों में घिरे जद एस सांसद प्रज्वल रेवन्ना को छह दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया है। उन्हें कर्नाटक की विशेष अदालत में पेश किया गया था। न्यायाधीश केएन शिवकुमार ने मामले की सुनवाई की। इससे पहले प्रज्वल रेवन्ना को सिटी सिविल कोर्ट में पेश किया गया। इससे पहले जांच दल मेडिकल के लिए प्रज्वल को बॉरिंग एंड लेडी कर्जन अस्पताल ले गया था। मामले में जन प्रतिनिधि अदालत में एसआईटी की ओर से पेश वकील ने बताया कि प्रज्वल को गिरफ्तार किया जा चुका है, ऐसे में अग्रिम जमानत याचिका का कोई मतलब ही नहीं रहा।

## वित्त वर्ष 2023-24 GDP: चौथी तिमाही में 7.8% रही विकास दर

# अनुमान से ज्यादा तेज रफ्तार से दौड़ी देश की अर्थव्यवस्था

**एजेंसी** | नई दिल्ली

वित्तीय वर्ष 2023-24 की चौथी यानी जनवरी- मार्च तिमाही (FY2024 Q4 GDP) के दौरान भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही। पूरे वित्तीय वर्ष 2023-24 की बात करें तो सरकारी आंकड़ों के अनुसार यह 8.2% रही। कई रेटिंग एजेंसियां और आर्थिक जानकार अनुमान लगा रहे थे कि चौथी तिमाही में भारत की विकास दर 7 फीसदी या इससे भी कम रह सकती है। लेकिन, भारत ने अपनी तरक्की की रफ्तार से उनके अनुमानों को गलत साबित कर दिया। यह केंद्रीय बैंक की ओर से अपनी पिछली मौद्रिक नीति समीक्षा में लगाए गए अनुमान से अधिक है। भारतीय रिजर्व बैंक ने 6.9 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया था। इससे पिछली तिमाही (अक्तूबर-दिसंबर) में जीडीपी वृद्धि दर 8.4% रही थी। जबकि जुलाई-सितंबर तिमाही में वृद्धि दर 7.6% थी। इससे पिछले वित्त वर्ष यानी 2022-23 में जीडीपी ग्रोथ 7 फीसदी रही थी। अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि के आंकड़े सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से शुक्रवार को जारी जारी किए गए। कई प्रमुख वित्तीय संस्थानों ने जीडीपी दर की घोषणा के पहले विकास दर पिछली तिमाही की तुलना में मार्च तिमाही में धीमी पड़ने के अनुमान जताए थे। वित्तीय वर्ष 2023-2024 की पहली तिमाही में भी भारत की जीडीपी 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। अर्थव्यवस्था को केंद्र की ओर से पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) में बड़े पैमाने पर किए गए इजाफे और लगातार दो कमजोर तिमाहियों के बाद मांग में तेजी आने का लाभ हुआ था।



### यह आने वाले दिनों का है ट्रेलर

पीएम मोदी ने इन आंकड़ों को सकारात्मक संकेत बताया है। उन्होंने कहा कि चौथी तिमाही के जीडीपी विकास के आंकड़े दिखाते हैं कि हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत गति से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि हमारे देश के मेहनती लोगों की बदौलत विकास की गति और भी तेज होने वाली है। बकौल प्रधानमंत्री, 8.2% की वृद्धि इस बात की मिसाल है कि भारत वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। यह आने वाली चीजों का सिर्फ एक ट्रेलर है।

### आठ बुनियादी क्षेत्रों की वृद्धि दर अप्रैल में 6.2% रही

प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पादों और बिजली के उत्पादन में स्वस्थ विस्तार से अप्रैल में आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों की वृद्धि दर बढ़कर 6.2 प्रतिशत हो गई। मार्च में आठ क्षेत्रों के उत्पादन में 6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इन प्रमुख क्षेत्रों में- जिनमें कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली शामिल हैं की वृद्धि अप्रैल 2023 में 4.6 प्रतिशत थी।

### वित्त मंत्री सीतारमण ने कही यह बात

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि 8.2 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि शानदार है। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भी वृद्धि की गति जारी रहेगी। वित्त मंत्री के अलावा 16वें वित्त आयोग के चेयरमैन अरविंद पनगढ़िया ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में 8.2 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि दर भारत के लिए अच्छी खबर है।


### पानी को लेकर रार: सुप्रीम कोर्ट पहुंची केजरीवाल सरकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली और हरियाणा सरकार के बीच पानी को लेकर खींचतान जारी है। इसी मामले में दिल्ली सरकार अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। उन्होंने हरियाणा, दिल्ली और हिमाचल प्रदेश से मानी की मांग की है। उन्होंने कहा कि एक महीने अतिरिक्त पानी दिया जाए। इससे पहले, दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने आरोप लगाते हुए कहा था कि रिकॉर्ड तापमान के बीच हरियाणा सरकार दिल्ली के हिस्से के पानी की कटौती कर रही है। एक दिन पहले,आतिशी ने आरोप लगाया था कि हरियाणा सरकार यमुना में पर्याप्त पानी नहीं छोड़ रही है। इससे दिल्ली में जल संकट गहराता जा रहा है।

### IWTC में वैवाहिक कार्यक्रमों की भव्यता पर वक्ताओं ने रखे विचार

# डेस्टिनेशन वेडिंग्स के साथ-साथ फैशन एंटरटेनमेंट बढ़ाने पर जोर

**बेधड़क। जयपुर**
इवेंट मैनेजर्स डे के मौके पर दो दिवसीय इंटरनेशनल वेडिंग टूरिज्म कॉनक्लेव का आयोजन किया गया। विभिन्न सत्रों में विशेषज्ञों ने वेडिंग डेस्टिनेशंस के प्रमोशन, फिल्म, फैशन एंड एंटरटेनमेंट के माध्यम से देश में पर्यटन विकास की संभावनाएं तलाशी। सुबह के सत्र 'द प्रेसिडेंट टॉक' में फोरम अध्यक्ष मोहित माहेश्वरी, सुमन रैना, महावीर प्रसाद शर्मा सहित अन्य विशेषज्ञों ने राजस्थान में इवेंट मैनेजमेंट के भविष्य का प्रारूप पेश किया। 'एंटरटेनमेंट, फैशन एंड स्टाइल इन इंडियन वेडिंग्स' सेशन में बॉलीवुड सिंगर शिबानी कश्यप, फैशन डिजाइनर पूजा मोटवानी और फोरम सेक्रेटरी अजय चौहान के बीच संवाद हुआ, जिसमें उन्होंने भारतीय विवाह समारोहों में फैशन और स्टाइल के साथ मनोरंजन के बदलते स्वरूपों पर चर्चा की।





### मॉडल्स ने दर्शाया अनोखा अंदाज

इस मौके पर शादियों की थीम पर ही मॉडल्स ने अनोखे अंदाज में झलक पेश की। उन्होंने राजस्थानी पोशाकों में एंट्री ली, जो बिल्कुल शादियों की तरह ही थी। उनको देखकर आए मेहमानों ने राजस्थानी शादियों के बारे में करीब से जाना।

### ऐतिहासिक शादियों पर चर्चा

पैनल डिस्कशन में 'वेडिंग स्टोरीज एट पैलेसेज' में सीनियर वेडिंग प्लानर रितुराज खन्ना, फेयरमोंट जयपुर जनरल मैनेजर रजत सेठी, रामबाग पैलेस जीएम अशोक राठौर ने राजस्थान की ऐतिहासिक शादियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कई उदाहरण देते हुए प्रदेश की शादियों की तारीफ की और बताया कि विदशों में भी इस बारे में बात की जाती है।

### प्री-वेडिंग लोकेशंस हैं खास

दूसरी ओर 'अनलॉकिंग द मैजिक एक्रॉस द बॉर्डर्स' सेशन में नेपाल से आई हेना गुरुंग, निवा प्रसन्न और बशिष्ठ ने नेपाल और लद्दाख क्षेत्र में प्री-वेडिंग शूट लोकेशंस पर जानकारी साझा की। 'सिग्निफिकेंस ऑफ वेडिंग वेन्यू वास्तु' सेशन में एस्ट्रोलॉजर मेघा शर्मा ने कलर थैरेपी के साथ विवाह स्थल के वास्तु और उनके प्रभावों पर विस्तार से चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण जानकारी बताई गई तो हर कोई रोमांचित हो गया।

## जयपुर की ओजस्विनी यूरोपियन चैंपियनशिप में रहीं उपविजेता



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान की युवा गोल्फर जयपुर की रहने वाली ओजस्विनी सारस्वत ने एक बार फिर प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए यूएस किड्स गोल्फ यूरोपियन चैम्पियनशिप में उपविजेता का स्थान हासिल किया। तीन दिवसीय चैम्पियनशिप स्कॉटलैंड के रॉयल मुसेलबर्ग गोल्फ क्लब में आयोजित की गई थी। टूर्नामेंट में तेज बारिश और हवाओं ने चुनौती को और मुश्किल बना दिया था। पहले दो दिनों तक ओजस्विनी को चुनौतिपूर्ण लेआउट से जूझना पड़ा। वहीं, खराब मौसम के कारण दूसरे दिन खेल को अस्थायी रूप से स्थगित करना पड़ा, लेकिन ओजस्विनी ने धैर्य का परिचय देते हुए अंतिम दिन 6 अंडर पार का शानदार खेल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर ओजस्विनी ने कहा कि वह अपने अवॉर्ड-विनिंग परफॉर्मेंस से बहुत प्रसन्न हैं। हाल ही में उन्होंने कोलकाता के टॉलीगंज गोल्फ क्लब में आयोजित राष्ट्रीय टूर्नामेंट में (सी श्रेणी) का खिताब जीता था। गौरतलब है कि ओजस्विनी जयपुर के रामबाग गोल्फ क्लब में नियमित अभ्यास करती हैं।

### मॉडल्स शोकेस करेंगी कलेक्शन

**बेधड़क. जयपुर।** राजधानी में एक बार फिर फैशन की बानगी पेश होगी और टीवी-बॉलीवुड एक्ट्रेस के साथ जयपुर-दिल्ली की मॉडल्स रैंप वॉक करती नजर आएंगी। मौका होगा शनिवार शाम मानसरोवर स्थित अलंकारा रिसोर्ट में जयपुर कॉट्योर शो-2024 सीजन-12 के पहले दिन का, जिसमें 9 डिजाइनर्स अपना कलेक्शन शोकेस करेंगे। शो डायरेक्टर गौरव गौड़ ने बताया कि इन दो दिनों में हेरिटेज, बॉलीवुड, राजस्थान और मॉडर्न-फ्यूजन से संबंधित कलेक्शन रैंप पर उतारे जाएंगे। इस मौके पर एक्ट्रेस श्रेया शरीन, रुतवी तिवारी, दलजीत कौर, हेलेन शास्त्री आदि जयपुर आएंगी और शो स्टॉपर बनेंगी। साथ ही फैशन जगत के लोग एक मंच पर होंगे।

### गायन, वादन और नृत्य शिविर 3 से

**बेधड़क. जयपुर।** संगीत के छात्रों की अभिरुचि को निखारने के लिए 3 जून से अभिरुचि शिविर 'आरोही'का आयोजन किया जाएगा। प्राचार्य डॉ. दिलीप गोयल ने बताया कि शिविर में कथक नृत्य, तबला वादन, वॉयलिन वादन और सुगम व लोक गायन का प्रदेश के कलाकार प्रशिक्षण देंगे। डॉ. विजय सिद्ध तबले का, डॉ. ज्योति भारती गोस्वामी कथक नृत्य का का प्रशिक्षण देंगे। शिविर का आयोजन 22 जून तक शिक्षा संकुल के ब्लॉक नंबर 10 में सुबह 10 से 1 बजे तक किया जाएगा।

## City इवेंट्स

### यूरोपियन टूर्नामेंट में आकृति को गोल्ड



**बेधड़क. जयपुर।** एमबीएटी ने यूरोप के 15 अंतरराष्ट्रीय बिजनेस स्कूलों से मल्टी स्पोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आईएमडी लॉजेन स्विट्जरलैंड की एमबीए छात्रा आकृति बत्रा ने एमबीएटी में बैडमिंटन में स्वर्ण पदक जीता। वे जयपुर की अलका बत्रा की बेटी हैं, जो राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी हैं।

### 'ठग, ठगे गए' का मंचन 6 को

**बेधड़क. जयपुर।** रस रंग मंच संस्था की ओर से हास्य नाटक 'ठग, ठगे गए' का मंचन 6 जून को रवींद्र मंच पर किया जाएगा। मध्य प्रदेश की लोक कथा पर आधारित कहानी का लेखन सुशील कुमार सिंह ने किया है व नाट्य रूपांतरण, परिकल्पना और निर्देशन हिमांशु झांकल का है। ढोंगी बाबाओं के असली चेहरे को उजागर करता हास्य रस से ओतप्रोत नाटक तथाकथित बाबाओं की पोल खोलता और अंध विश्वास में फंसने वाले आमजन को सतर्क करता नजर आएगा।

### रवीन्द्र मंच कैंपस में लगाएंगे 500 पौधे



**बेधड़क. जयपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर रवीन्द्र मंच की ओर से विशेष मुहिम की शुरुआत की जाएगी। 5 जून को रवीन्द्र मंच और राजस्थान एनवायरनमेंट एंड एनर्जी कंजर्वेशन सेंटर की ओर से सुबह 8 बजे पौधारोपण कार्यक्रम होगा। परिसर में फलों के 500 से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। रवीन्द्र मंच प्रबंधक सोविला माथुर ने बताया कि पेड़ों की घटती संख्या के चलते मौसमी चुनौतियों से सभी जूझ रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण में योगदान निभाने के लिए मुहिम चलाई जाएगी। पेड़ लगाने के साथ रवीन्द्र मंच की ओर से देखभाल भी की जाएगी। मंच की ओर से आमजन को पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे। वे अपने हाथों से इन्हें रोपेंगे और गोद लेकर उनकी देखभाल करेंगे।

### जयकारों संग घुमंतू समाज का जत्था अयोध्या रवाना

# कृष्ण जन्म भूमि और बांके बिहारीलाल के करेंगे दर्शन




**बेधड़क। जयपुर**
घुमंतू समाज अयोध्या में राम जन्म भूमि, मथुरा में कृष्ण जन्म भूमि और वृंदावन में बांके बिहारी लाल के दर्शन करेंगे। इसके लिए घुमंतू जाति उत्थान न्यास जयपुर महानगर की घुमंतू तीर्थ योजना के तहत राजधानी की विभिन्न घुमंतू बस्तियों के सौ महिला-पुरुषों का दूसरा जत्था अंबावाड़ी स्थित आदर्श विद्या मंदिर से अयोध्या, मथुरा और वृंदावन की तीर्थ यात्रा पर रवाना हुआ। जत्थे की रवानगी के वक्त मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जयपुर प्रांत सह-संघचालक डॉ. हेमंत सेठिया उपस्थित रहे।

शकुन ग्रुप के निदेशक जेडी माहेश्वरी, मंगला सरिया के निदेशक सीताराम अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, सालासर बालाजी धाम के विष्णु पुजारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने यात्रियों की मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। घुमंतू जाति उत्थान न्यास-जयपुर महानगर प्रमुख राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि जत्थे में शामिल ज्यादातर यात्री पहली बार तीर्थ यात्रा पर निकले हैं। घुमंतू जाति उत्थान न्यास की ओर से तीर्थ यात्रा की सभी व्यवस्थाएं निशुल्क की गई हैं। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व घुमंतु रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले को लेकर युवाओं में अच्छा खासा उत्साह देखने को मिला। रोजगार के लिए बड़ी संख्या में युवा मेले में पहुंचे। घुमंतू बस्तियों के युवाओं का योग्यतानुसार रोजगार के लिए चयन भी किया गया।

### डॉक्टर्स म्यूजिक प्रीमियर लीग 26 जुलाई से

# डॉक्टर्स एक बार फिर दिखाएंगे गायकी में अपना सुर कौशल



**बेधड़क। जयपुर**
लोगों को नया जीवन देने वाले डॉक्टर्स एक बार फिर से अपनी गायन प्रतिभा दिखाएंगे। इसके लिए डॉक्टर्स म्यूजिक प्रीमियर लीग (डीएमपीएल) का तीसरा सीजन 26 से 28 जुलाई तक झालाना स्थित, राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित किया जाएगा। बॉलीवुड के मशहूर पार्श्व गायक रविन्द्र उपाध्याय इसके ब्रांड एम्बेसडर होंगे। इस बार ओपन माइक इवेंट के तहत स्टैंडअप कॉमेडी, शायरी, मिमिक्री आदि का भी आयोजन किया जाएगा। गौरतलब है कि डीएमपील डॉक्टर्स द्वारा डॉक्टर्स के लिए आयोजित होने वाली अनोखी गायन प्रतियोगिता है, जहां दिन में चिकित्सकीय कौशल दिखाने वाले करीब 200 डॉक्टर्स शाम को अपने सुरों का कौशल दिखाएंगे।

प्रतियोगिता के चीफ कॉर्डिनेटर डॉ. हर्षुल टाक व डॉ. रवींद्र सिसोदिया ने बताया कि प्रतियोगिता में आठ फ्रेंचाइजी टीमें भाग लेंगी जो कि खुले ऑक्शन के माध्यम से गायकों का चयन कर अपनी-अपनी टीमें बनाएंगी। टीमों का ऑक्शन 14 जुलाई को होटल निर्बाना पैलेस में आयोजित किया जाएगा।

लीग के चीफ कोऑर्डिनेटर डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि प्रतियोगिता की रूपरेखा तय हो चुकी है, लीग में टीम इवेंट्स के अलावा व्यक्तिगत प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। आयोजन सचिव डॉ. अनिल यादव ने बताया कि प्रतियोगिता की पूरी तैयारी की जा चुकी है।

**श्रमण संस्कार शिक्षण शिविर** | समापन समारोह के पोस्टर का विमोचन

# प्रथम स्थान पाने वाले को दिया जाएगा रत्नाकर अवॉर्ड

**बेधड़क। जयपुर**
श्रमण संस्कार शिक्षण शिविरों का समापन शनिवार को बिड़ला ऑडिटोरियम में होगा। ये शिविर श्रीदिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान के तहत संचालित संत सुधासागर आवासीय कन्या महाविद्यालय व अखिल भारतीय श्रमण संस्कृति महिला महासमिति की ओर से श्रीदिगम्बर जैन महिला महासमिति के सहयोग से आयोजित किए जा रहे हैं। प्रचार प्रसार संयोजक पदम जैन बिलाला ने बताया कि समारोह के पोस्टर का जनकपुरी-ज्योतिनगर जैन मंदिर में आचार्य शशांक सागर मुनिराज के समक्ष शीला डोड्या के नेतृत्व में विमोचन किया गया।




### श्रेष्ठ तीन मंदिरों को किया जाएगा सम्मानित

महाविद्यालय अधिष्ठात्री शीला डोड्या ने बताया कि समारोह में 9 विषयों में से हर विषय में प्रथम स्थान प्राप्तकर्ता को रत्नाकर अवॉर्ड दिया जाएगा। साथ ही जयपुर के 46 मंदिरों में पढ़ाए गए विषयों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को व चयनित श्रेष्ठ तीन मंदिरों को सम्मानित किया जाएगा।

### ये होंगे समारोह के अतिथि

आचार्य विद्यासागर उपकार समारोह में मुख्य अतिथि जयपुर सांसद प्रत्याशी मंजु शर्मा होगी तथा समाज श्रेष्ठी अशोक पाटनी-सुशीला पाटनी आर के मार्बल, शांतिकुमार-ममता सौगानी जापान वाले, तरुण-रजनी काला मुंबई, रचना-कुसुम मोदी की विशिष्ट अतिथि होंगे। समारोह में 46 मंदिरों के शिविरार्थियो के अलावा सभी मंदिरों व संस्थाओं के पदाधिकारी व समाज श्रेष्ठी उपस्थित रहेंगे।



**उत्तर कोरिया ने कहा- केएन-25 मिसाइलों में भी लगाया जा सकता है परमाणु हथियार**

# किम जोंग ने ताबड़तोड़ दागीं 18 बैलिस्टिक मिसाइलें

**एजेंसी** | सियोल

उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को कहा कि उसने गुरुवार को अभ्यास के दौरान 18 छोटी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। यह अभ्यास प्रतिद्वंद्वी दक्षिण कोरिया के आक्रमण का जवाब देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। दक्षिण कोरिया ने कहा था कि उत्तर कोरिया ने अपने पूर्वी तट पर 18 छोटी दूरी की मिसाइलें दागीं और संभावना जताई कि यह रूस समेत हथियार खरीदारों के लिए संभावित प्रदर्शन था। उत्तर कोरिया की सरकारी न्यूज एजेंसी केसीएनए ने बताया था कि उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने गुरुवार को युद्धाभ्यास का मार्गदर्शन किया। केसीएनए की रिपोर्ट के अनुसार, मिसाइलों की लॉन्चिंग के दौरान किम जोंग उन भी थे। टीम ने करीब 365 किलोमीटर (227 मील) दूर स्थित एक द्वीप पर लक्ष्य को भेद दिया था। हालांकि, एजेंसी ने द्वीप का नाम स्पष्ट नहीं किया। सरकारी मीडिया ने इसको लेकर कुछ तस्वीरें भी शेयर कीं। इनमें 18 मिसाइलें दिखाई गईं। इन मिसाइलों को केएन-25 के नाम से जाना जाता है। उत्तर कोरिया ने कहा है कि ऐसी मिसाइलों में परमाणु हथियार भी लगाया जा सकता है।



### दक्षिण कोरिया ने इसे बताया उकसावे की कार्रवाई

सरकारी मीडिया द्वारा जारी की गई तस्वीरों में नजर आ रही 18 मिसाइलों की पहचान विशेषज्ञों ने केएन-25 के रूप में की। सियोल के एकीकरण मंत्रालय के प्रवक्ता किम इन-ए ने कहा कि इस महीने सामरिक बैलिस्टिक मिसाइल दागने और असफल उपग्रह प्रक्षेपण के बाद छोटी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें दागना उकसावे की कार्रवाई है और यह कोरियाई प्रायद्वीप की शांति के लिए खतरा है। साउथ कोरिया ने कहा कि इन मिसाइलों का प्रदर्शन इसलिए किया जा रहा है, ताकि रूस जैसे खरीदारों को इसके लिए आकर्षित किया जा सके।

### अमेरिका ने भी याद दिलाए नियम

अमेरिका और जापान ने भी इसकी निंदा की है। अमेरिका ने इसे लापरवाही पूर्ण और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के कई प्रस्तावों का उल्लंघन बताया। अमेरिकी रक्षा खुफिया एजेंसी ने कहा कि मिसाइलों के मलबे की तस्वीरों के विश्लेषण से पुष्टि हुई है कि रूस ने यूक्रेन युद्ध के लिए उत्तर कोरियाई मिसाइलों को तैनात किया है। हालांकि, रूस और उत्तर कोरिया ने हथियार सौदों से इनकार किया है। अमेरिका ने कहा है कि उत्तर कोरिया पर किसी भी प्रकार के उपग्रह प्रक्षेपण पर प्रतिबंध है, जबकि किम जोंग ने कहा है कि उन्हें उपग्रह प्रक्षेपण और मिसाइल प्रक्षेपण का पूर्ण अधिकार है।

**पूर्व राष्ट्रपति सभी 34 आरोपों में दोषी करार... सुनवाई 11 जुलाई को**

# पोर्न स्टार को 'गुप्त दान' केस में ट्रंप अपराधी


**एजेंसी** | वॉशिंगटन

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से पहले पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को तगड़ा झटका लगा है। हश मनी क्रिमिनल ट्रायल मामले में उन्हें दोषी करार दिया गया है। इस केस की दो दिनों तक चली सुनवाई के बाद 12 सदस्यीय ज्यूरी ने उन्हें सभी 34 आरोपों में दोषी ठहराया है। इसके बाद ट्रंप अमेरिका के पहले ऐसे राष्ट्रपति बन गए हैं, जिन्हें किसी अपराध के लिए दोषी ठहराया गया है।

डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ 2016 में हुए राष्ट्रपति चुनावों से पहले पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को चुप कराने के लिए पैसों का भुगतान करने की बात छिपाने और अपने कारोबारी रिकॉर्ड में हेरफेर करने के 34 आरोप थे। कानून के मुताबिक उन्हें हर एक मामले में 4 साल की सजा हो सकती है। हालांकि उन्हें प्रोबेशन मिलने की अधिक संभावना है। जस्टिस जुआन मर्चेन 11 जुलाई को उनकी सजा पर फैसला सुनाएंगे। ट्रंप के खिलाफ फैसला ऐसे समय आएगा, जब 15 जुलाई को रिपब्लिकन पार्टी का नेशनल कन्वेंशन शुरू होने जा रहा है। इसमें औपचारिक रूप से पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के तौर पर ट्रंप के नाम का ऐलान किया जाएगा।

### असली फैसला 5 नवंबर को होगा

77 वर्षीय रिपब्लिकन डोनाल्ड ट्रंप अब एक अपराधी हैं। एक ऐसे देश में यह एक ऐतिहासिक और चौंकाने वाली पहली घटना है, जहां राष्ट्रपतियों को अक्सर दुनिया का सबसे शक्तिशाली व्यक्ति बताया जाता है। ट्रंप ने कोर्ट रूम से आकर दावा किया कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है। वह निर्दोष हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि वह लड़ेंगे। अंत तक लड़ेंगे और जीतेंगे। उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव की तरफ इशारा करते हुए कहा कि असली फैसला देश की जनता 5 नवंबर को करेगी। ये शुरुआत से ही धांधली से भरा फैसला था।



### क्या है मामला



पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स के साथ 2006 में यौन संबंध बनाए थे। यह मामला 2016 के राष्ट्रपति चुनाव में काफी सुर्खियों में रहा। उस वक्त ट्रंप का मुकाबला हिलेरी क्लिंटन के साथ था। स्टॉर्मी ने इस कांड को सार्वजनिक करने की धमकी दी थी। इसके बाद ट्रंप ने उन्हें गुपचुप तरीके से मुंह बंद रखने के लिए चुनाव की पूर्व संध्या पर 130,000 डॉलर का भुगतान किया था। इस भुगतान को छिपाने के लिए ट्रंप को अपने वकील माइकल कोहेन को कारोबारी रिकॉर्ड में हेराफेरी करने का भी दोषी ठहराया गया था। केस में अडल्ट स्टार की लंबी गवाही हुई। उसका असली नाम स्टेफनी क्लिफोर्ड है और जिसने अदालत को विस्तृत विवरण में बताया कि उसके अनुसार विवाहित ट्रंप के साथ 2006 में यौन संबंध था। पूर्व सहयोगी कोहेन की गवाही भी ट्रंप के लिए मुसीबत बनी। ट्रंप ने स्टॉर्मी डेनियल्स के साथ किसी भी यौन संबंध से इनकार किया, लेकिन अपने बचाव में गवाही नहीं दी। उनके वकीलों ने तर्क दिया कि अडल्ट स्टार को किए गए सभी भुगतान पूरी तरह से कानूनी थे।

**इस्लामाबाद हाई कोर्ट में सरकारी वकील ने कहा...**

# POK पाकिस्तान का हिस्सा नहीं...

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

### कोर्ट में माना विदेशी क्षेत्र

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के लोग भी ये कहते रहे हैं कि पाक के संविधान के हिसाब से वह पाकिस्तान का हिस्सा नहीं है। ये बात पीओके के प्रदर्शनों में अक्सर दोहराई गई है। वहीं भारत ने बार बार कहा है कि पीओके उसका हिस्सा है। अब पाकिस्तान ने भी पीओके को कोर्ट में विदेशी क्षेत्र मान लिया है।

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के कवि और पत्रकार अहमद फरहद शाह करीब दो हफ्ते पहले गायब हो गए थे। उनकी गुमशुदगी पर परिजन कोर्ट पहुंचे तो पता चला कि वह पुलिस की कस्टडी में हैं। इसके बाद उनके परिजनों ने इस्लामाबाद हाई कोर्ट का रुख किया।

इस मामले में शुक्रवार को इस्लामाबाद हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से पेश हुए वकील ने पीओके को पाकिस्तान का हिस्सा ना बताते हुए विदेशी क्षेत्र कहकर संबोधित किया। अहमद फरहद शाह के वकीलों ने कोर्ट के बाहर मीडिया से बातचीत में ये बताया। अहमद फरहद शाह की गुमशुदगी पर कोर्ट में याचिका दाखिल करने वाली ईमान माजरी ने कहा, 'अहमद कश्मीर में ही हैं ये पुलिस की ओर से कोर्ट में बताया गया है। इसके साथ ही एक और दिलचस्प बात कोर्ट में हुई है। सरकार की ओर से पेश हुए वकील ने कश्मीर को विदेशी जमीन कहा है जो कि एक अच्छा प्रभाव नहीं छोड़ता है। हमें कश्मीरियों को ये नहीं कहना चाहिए कि वो हमारे से अलग हैं। ये ऐसी बात है जो नहीं कही जानी चाहिए थी।

**बाइडेन ने यूक्रेन को दी मंजूरी**

# रूस पर कहर बरसाएंगे अमेरिकी हथियार

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने पुराने रुख से हटते हुए यूक्रेन को इस बात की इजाजत दे दी है कि रूस के खिलाफ चल रहे जंग में अब वह अमेरिका द्वारा भेजे गए हथियारों का इस्तेमाल कर सकेगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अब यूक्रेन अमेरिकी मिसाइल का इस्तेमाल खारकीव को रूसी सेना से बचाने के लिए कर सकता है। इस मिसाइल की रेंज 300 किलोमीटर है। यूएस अधिकारियों के मुताबिक, यूक्रेन अमेरिकी हथियारों का उपयोग जवाबी हमले के उद्देश्य से कर सकेगा, ताकि रूसी सेना पर जवाबी हमला किया जा सके और रूसी ठिकाने ध्वस्त हो सके।

अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, नई नीति के मुताबिक यूक्रेन अब अमेरिकी हथियारों का इस्तेमाल रूसी सेना पर सीधा हमला करने के लिए कर सकता है। हालांकि, इनका इस्तेमाल यूक्रेन की भौगोलिक सीमा के अंदर ही होना चाहिए। एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि "रूस के अंदर आर्मी टैक्टिकल मिसाइल सिस्टम या लंबी दूरी के हमलों के इस्तेमाल पर रोक लगाने के संबंध में हमारी नीति में कोई बदलाव नहीं आया है।



### यूक्रेन ने नाटो देशों से किया था अनुरोध

दरअसल, रूसी सीमा से सटे यूक्रेन के शहर खारकीव में पिछले कुछ दिनों से रूस ताबड़तोड़ हमले कर रहा है और वहां यूक्रेनी सैन्य बलों पर बढ़त बनाए हुए है। यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा कि खार्किव शहर के एक उपनगर में एक आवासीय इमारत पर रूसी गोलाबारी में तीन लोग मारे गए, जबकि 16 घायल हो गए हैं। इसे देखते हुए यूक्रेन ने अमेरिका समेत तमाम नाटो देशों से अनुरोध किया था कि उनके द्वारा उपलब्ध कराए गए हथियारों के इस्तेमाल पर लगाए गए प्रतिबंधों को हटा लिया जाय, ताकि वह रूस को मुंहतोड़ जवाब दे सके।







सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl